pnb

Oriental United

बढ़ें साथ मिलकर

उम्मीदों की नयी दिशाएं

Into a new decade of possibilities

वार्षिक रिपोर्ट

Annual Report

2020 - 2021

श्री. सीएच. एस. एस. मल्लिकार्जुन राव, प्रबंध-निदेशक एवं सीईओ पंजाब नैशनल बैंक के संस्थापक **पंजाब केसरी स्वर्गीय लाला लाजपत राय जी** को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पीएनबी प्रधान कार्यालय द्वारका, नई दिल्ली में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ।

Shri. CH. S. S. Mallikarjuna Rao, MD & CEO paying tribute to **Punjab Kesari Lt. Lala Lajpat Rai ji,** founder Punjab National Bank, On occasion of Republic day at PNB Head office Dwarka, New Delhi

माननीय श्री. नरेंद्र सिंह तोमर, कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पीएनबी मुख्य कार्यालय, संसद मार्ग, दिल्ली में **ग्राम संपर्क अभियान** का शुभारंभ करते हुए।

बाएं से दाएं: डॉ. आर. के. यदुवंशी, कार्यपालक निदेशक, **माननीय श्री. नरेन्द्र सिंह तोमर,** कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री और **श्री. सीएच. एस. एस. मल्लिकार्जुन राव,** प्रबंध-निदेशक एवं सीईओ.

Inauguration of Gram Sampark Abhiyan by **Shri. Narendra Singh Tomer,** Hon'ble Minister of Agriculture & Farmers Welfare, Rural Development and Food Processing Industries at PNB Head office, Parliament Street, Delhi .

From Left to right: Dr. R. K. Yaduvanshi, Executive Director, **Shri. Narendra Singh Tomar,** Hon'ble Minister of Agriculture & Farmers Welfare, Rural Development and Food Processing Industries and **Shri. CH. S. S. Mallikarjuna Rao,** MD & CEO.

प्रबंध-निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के डेस्क से

From the Managing Director and CEO's Desk

सीएच. एस.एस. मल्लिकार्जुन राव | CH. S. S. Mallikarjuna Rao

प्रिय शेयरधारकों,

मुझे वित्तीय वर्ष 2020-2021 हेतु आपके बैंक की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए और वर्ष के दौरान बैंक के कार्य निष्पादन की प्रमुख विशेषताएं आपसे साझा करते हुए हर्ष हो रहा है। इस वार्षिक रिपोर्ट में विस्तृत कार्य निष्पादन और पहलें दी गई हैं ।

वित्तीय वर्ष 2020-21 दुनिया भर में चुनौतीपूर्ण रहा है और भारत भी इसका अपवाद नहीं था। यह न केवल सामाजिक रूप से, बल्कि अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से भी कठिन समय था। कोविड-19 महामारी के प्रभाव के कारण अन्य चुनौतियों के अलावा पंजाब नैशनल बैंक में ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के समामेलन से संबंधित अतिरिक्त जिम्मेदारी भी थी।

अभूतपूर्व स्थिति होने के बावजूद, आपका बैंक एक मजबूत संगठन संरचना और तुलन पत्र, निरंतर लाभप्रदता और स्थिर पूंजी स्थिति के साथ अपने विकास पथ पर अग्रसर रहा। समामेलन के अंतर्गत, तीनों बैंकों के व्यापार, मानव संसाधन और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एकीकरण को रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। बढ़ी हुई क्षमता, सामर्थ्य और पहुंच के साथ, व्यापक भौगोलिक उपस्थिति और व्यापक ग्राहक आधार के साथ तालमेल स्थापित किया जा रहा है।इसके अलावा, संशोधित संगठनात्मक संरचना ने विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों की ओर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यवसाय की वृद्धि के लिए एक ठोस आधार तैयार किया है। वर्टिकलाइज्ड ग्राहक केंद्रित और डिजिटल क्रेडिट डिलीवरी मॉडल ने हामीदारी ऋण, दक्षता और कार्य वापसी समय (टीएटी) में सुधार किया है । समग्र रूप हो, हमारा प्रयास हमारे हितधारकों की बेहतरी है ।

वर्ष के दौरान, नए वायरस के आने से और संक्रमितों की संख्या में वृद्धि होने के कारण चिंता बढ़ गई थी । मैं, उन सभी हितधारकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने कोविड -19 महामारी के कारण अपने प्रियजनों को खो दिया और इससे पीड़ित हुए। मैं, अनेकों बाधाओं के बावजूद, ग्राहकों को निर्बाध सेवाएं प्रदान करने में हमारे प्रत्येक कर्मचारियों में से प्रत्येक के योगदान और साहस के लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं।

Dear Shareholders,

It is my pleasure to place before you the Annual Report of your Bank for the Financial Year 2020-21 and share highlights of Bank's performance during the year. The detailed performance and initiatives are provided in this Annual report.

The financial year 2020-21 has been challenging across the globe and India was no exception to that. It was tough not only sociologically, but even from the economy perspective. Apart from the challenges on account of the impact of COVID 19 pandemic, there was also an additional responsibility with respect to amalgamation of Oriental Bank of Commerce and United Bank of India into Punjab National Bank.

Despite the unprecedented situation, your Bank endured on its growth trajectory with a strengthened organization structure & balance sheet, sustained profitability and stable capital position. Under amalgamation, the Business, Human Resource and Information Technology (IT) integration of the three Banks were completed in record time. The synergies are being realized with an augmented capacity, capability and reach, with a wider geographical presence and a vast customer base. In addition, the revamped organizational structure has created a solid foundation for business growth with focused attention towards various business segments. The verticalized customer centric & digital credit delivery model has improved credit underwriting, efficiency and turnaround time (TAT). Overall, the endeavour has been to create value for our stakeholders.

During the year, there were heightened concerns on account of new virus mutations and the accumulating human tolls. I extend my deep condolences to all the stakeholders who lost their loved ones and suffered due to the impact of Covid-19 pandemic. I also want to acknowledge the contribution and courage of each of our employees, in providing uninterrupted services to customers, despite the tremendous odds.

आर्थिक अवलोकन

वैश्विक अर्थव्यवस्था

वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण संक्रमण की नई लहरों और कोविड-19 के बढ़ते दवाब के कारण अनिश्चितता से भरा हुआ था। वैश्विक स्तर पर, वित्तीय वर्ष 2021 की प्रथम तिमाही में, इस महामारी ने निजी खपत की मांग, सेवा क्षेत्र और कम कौशल वाले श्रम बाजार और व्यवसायों को प्रभावित किया। दिसंबर 2020 के अंत तक, कई वैक्सीनों को स्वीकृतियां दिए जाने और कुछ देशों में टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत किए जाने से उम्मीदें जगी हैं । इसके बावजूद, नए वायरस के बढ़ने और इसके संक्रमितों की संख्या में वृद्धि होने के कारण वैश्विक संभावनाओं में अत्यधिक अनिश्चित बनी रही।

कुछ देशों द्वारा महामारी से जुड़े प्रोटोकॉल और अतिरिक्त नीतिगत उपायों के साथ प्रगतिशील तरीके से सामंजस्य बिठाने के साथ, वर्ष 2021 में मजबूत शुरुआत करने हेतु स्थितियों में सुधार हुआ। व्यापारिक कारोबार की मात्रा पूर्व-महामारी के स्तर पर लौट आई है। अमेरिका और चीन में महामारी के तेजी से घटते प्रभाव; 2021 के लिए अनुकूल विकास की संभावनाओं वाले यूरोपीय देश; और बढ़ते संक्रमण तथा टीकाकरण में धीमी प्रगति के कारण अपेक्षाकृत कम सकारात्मक समग्र दृष्टिकोण के साथ उभरती बाजार अर्थव्यवस्था (ईएमई) के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति मिश्रित है ।

टीकाकरण के आने से और अर्थव्यवस्थाओं के धीरे-धीरे फिर से खुलने के कारण वैश्विक अनिश्चितता समाप्त हो रही है। विश्व बैंक की जून 2021 की वैश्विक आर्थिक संभावनाओं के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2021 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि होना तय है। इसी कड़ी में, आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) ने अपने नवीनतम इकॉनोमिक आउटलुक में 2021 के लिए वैश्विक विकास पूर्वानुमान को 5.8 प्रतिशत तक संशोधित कर दिया है।

दुनिया भर की सरकारें राहत और प्रोत्साहन उपायों के साथ तेजी से कार्य कर रही हैं। आगे जाकर वैश्विक विकास की निरंतरता नीतिगत समर्थन और जनस्वास्थ्य उपायों पर काफी हद तक निर्भर करेगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था

वित्तीय वर्ष 2021 की अंतिम तिमाही में 1.6 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि प्राप्त करने के पश्चात्, महामारी की दूसरी लहर, वायरस के नए बढ़ते दबाव के उभरने और संक्रमण तथा मृत्यु दर में वृद्धि होने के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

मई 2021 में, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी अनुमानों के अनुसार, वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में 2019-20 में

Economic Overview

The Global Economy

The global economic outlook was shrouded with uncertainty in view of the new waves of infections and mutant strains of COVID-19. Globally, in the first quarter of FY21, the pandemic impacted private consumption demand, services sector and low-skilled labour market and the Businesses. By end of December 2020, multiple vaccine approvals and the initiation of vaccination program in some countries brought hope. Despite that, the global prospects remain highly uncertain due to new virus mutations and human tolls.

Together with a progressive adaptation to pandemic protocols and additional policy measures by some countries, conditions moved into place for a strong start to the year 2021. Merchandise trade volumes have returned to pre-pandemic levels. The state of the global economy is mixed, with the US and China having rapidly declining effects of the pandemic; European countries with favourable growth prospects for 2021; and emerging market economies (EMEs) with a relatively less positive overall outlook because of resurgence in infections and slow progress on vaccination.

The global uncertainty is waning out owing to vaccine rollouts and gradual reopening of the economies. As per the June 2021 Global Economic prospects of the World Bank, the global economy is set to expand by 5.7 percent in calendar year 2021. In the same line, Organisation for Economic Co-operation and Development (OECD) in its latest Economic Outlook has revised up the global growth forecast for 2021 to 5.8 percent.

The Governments over the globe are acting faster with relief and stimulus measures. Going forward the sustenance of global growth will significantly rely on policy support and public health measures.

The Indian Economy

The Indian economy, after having regained positive growth of 1.6 percent in the last quarter of financial year 2021, faced renewed challenges on account of the second wave of the pandemic, emergence of new mutant strains of virus and consequent rise in infections and mortalities.

As per the estimates released by the National Statistical Office (NSO) in May 2021, Real Gross Domestic Product (GDP) contracted by 7.3 percent in

हुई 4.0 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 2020-21 में यह 7.3 प्रतिशत घटा है। वित्तीय वर्ष 2021 के लिए मूल की मतों पर वास्तविक वर्धित सकल मूल्य (जीवीए) में 6.2 प्रतिशत संकुचन होने का अनुमान है। वित्तीय वर्ष 21 के लिए, दो क्षेत्रों अर्थात कृषि और बिजली, गैस, पानी तथा अन्य उपयोगिताओं ने वर्धित सकल मूल्य में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। संकुचन की लगातार तीन तिमाहियों के बाद निजी खपत में 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और चौथी तिमाही के दौरान सरकारी खर्च बढ़कर 28.3 प्रतिशत हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, अब वित्तीय वर्ष 22 में जीडीपी में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है।

हालांकि, महामारी की दूसरी लहर ने आर्थिक सुधार को प्रभावित किया है,परन्तु दूसरी लहर के कम होने के संकेत सुस्पष्ट हैं। क्षेत्रीय और विशेष नियन्त्रण के कारण, दूसरी लहर का प्रभाव मुख्य रूप से घरेलू मांग पर पड़ा है। छोटे शहरों और गांवों में लहर के फैलने से ग्रामीण मांग प्रभावित हो सकती है। पिछले साल किए गए असाधारण विस्तार के कारण सरकारी व्यय से सहयोग भी कम हो सकता है।

सकारात्मक पक्ष पर, कृषि और संपर्क रहित सेवाओं जैसी समग्र आपूर्ति परीस्थितियों के विविध पहलू विकास के पुनरुत्थान की दिशा में अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं। औद्योगिक उत्पादन और निर्यात में सुदृढ़ आधार प्रभावों के कारण वृद्धि हुई है, लेकिन सकारात्मक प्रगति के भी प्रमाण दृष्टव्य हैं। इसके अतिरिक्त, टीकाकरण की गति और स्तर आर्थिक सुधार का मार्ग प्रशस्त करेगा।

बैंकिंग क्षेत्र में विकास

महामारी के कारण, मांग में कमी के कारण बैंक ऋण वृद्धि मंद रही। हालांकि, नवंबर 2020 से, आर्थिक गतिविधियों की सकारात्मक शुरूआत होने के साथ-साथ ऋण पुनरूद्धार के संकेत थे। यह अनुकूल चलनिधि की स्थितियों और अर्थव्यवस्था के क्रमिक अनलॉकिंग द्वारा सुगम हुआ।

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) अनुपात मार्च 2020 के 8.4 प्रतिशत से घटकर मार्च 2021 में 7.5 प्रतिशत रहा। हालांकि, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा परिसंपत्ति वर्गीकरण पर अंतरिम रोक हटाने के साथ ही, आगामी तिमाहियों में परिसंपत्ति गुणवत्ता की सूक्ष्मता से निगरानी करने की आवश्यकता होगी।

सकारात्मक रूप से देखा जाए तो, उच्च पूंजी बफर, वसूली में सुधार और लाभप्रदता की ओर वापसी के मद्देनजर बैंक तुलन-पत्र में दबाव प्रबंधन बेहतर स्थिति में हैं। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) के पूँजी जोखिम-भारिता परिसंपत्ति अनुपात (सीआरएआर) मार्च 2020 की

2020-21, as compared to a growth of 4.0 percent in 2019-20. The contraction in Real Gross Value Added (GVA) at Basic Prices for FY21 is estimated at 6.2 percent. For FY21, the two sectors have recorded positive growth in GVA i.e. agriculture and electricity, gas, water & other utilities. Private consumption with a growth of 2.7 percent emerged out of three successive quarters of contraction and the Government spending has surged back to 28.3 percent during the 4th quarter. According to the Reserve Bank of India (RBI), GDP is now projected to grow by 9.5 percent in FY22.

Though the second wave of the pandemic has impaired the economic recovery but signs of the receding of the second wave are evident. On account of regional and specific containment, the second wave's toll is mainly in terms of the hit to domestic demand. Rural demand may be impacted with the wave spreading into smaller cities and villages. The support from Government spending may also moderate from the extraordinary expansion undertaken last year.

On the positive side, several aspects of aggregate supply conditions such as agriculture and contactless services provide tailwinds towards growth revival. Industrial production and exports have surged on strong base effects, but there is also evidence of positive momentum. Going forward, the speed and scale of vaccination will shape the path of economic recovery.

Developments in the Banking Sector

In view of the pandemic, Bank credit growth remained subdued on account of lack of demand. However, since November 2020, there were signs of credit revival alongside green shoots of recovery in economic activity. This was facilitated by favourable liquidity conditions and a gradual unlocking of the economy.

The Gross Non-Performing Assets (GNPA) ratio of Scheduled Commercial Banks (SCBs) declined to 7.5 percent as at the end of March 2021 from 8.4 percent in March 2020. However, with the lifting of the interim stay on asset classification standstill by the Hon'ble Supreme Court, asset quality will need to be closely monitored in coming quarters.

On a positive side, Banks are better positioned in managing stress in balance sheets in view of higher capital buffers, improvement in recoveries and a return to profitability. The capital to risk-weighted assets ratio (CRAR) of SCBs rose to 16.0 percent by

समाप्ति पर 14.7 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2021 की समाप्ति 16.0 प्रतिशत हो गया। आरबीआई के अनुसार, दबाव परीक्षणों से संकेत मिलता है कि भारतीय बैंकों के पास गंभीर दबाव परिदृश्य होने के बावजूद समग्र रूप से पर्याप्त पूंजी है।

कोविड-19 के प्रभाव ने डिजिटलीकरण की बढ़ती भूमिका के साथ, बैंकिंग कारोबार करने के तरीके में दुनिया भर में एक बदलाव की शुरुआत की है। आगे चलकर, निभाव चलनिधि और ब्याज दरें, सरकार द्वारा विकास के उपाय और सामूहिक टीकाकरण अभियान से आर्थिक सुधार में गति की संभावना है। बढ़ती क्षमता उपयोग के साथ-साथ सरकार द्वारा कैपेक्स को आगे बढाने से जीडीपी आउटलुक को समर्थन भी मिलेगा, जिससे ऋण परिदृश्य के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण की शुरुआत होगी।

समामेलन

आपका बैंक समामेलित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रथम बैंकों (पीएसबी) में से एक था, जिसने पीएनबी के साथ ईओबीसी और ईयूएनआई की सभी शाखाओं का एकीकरण किया और ग्राहक सेवाओं को प्रभावित किए बिना रिकॉर्ड समय में फिनेकल 7 से 10 में अपग्रेड किया। इसके अलावा,वित्तीय वर्ष के दौरान समामेलित इकाई के लिए 196 संबद्ध एप्लिकेशन्स भी लाइव किए गए।तीनों बैंकों के 18 करोड़ से अधिक ग्राहक अब एक ही प्लेटफॉर्म पर हैं। सभी उत्पादों, नीतियों और प्रक्रियाओं में सामंजस्य स्थापित कर लिया गया है और तीनों बैंकों में सर्वोत्तम उत्पादों और नीतियों को व्यावसायिक हितों के साथ-साथ ग्राहक और कर्मचारियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपनाया गया है। जहां तक मानव संसाधन (मा.सं.) के एकीकरण का संबंध है, बैंक ने तीनों में से सर्वश्रेष्ठ सिद्धांत के आधार पर अपनी सभी कर्मचारी कल्याण और लाभ योजनाओं की समीक्षा की और उनमें सामंजस्य स्थापित किया और कार्यनिष्पादन को बढ़ावा देने और कर्मचारियों की संतुष्टि में वृद्धि करने के लिए बैंक की कारोबारी रणनीति के साथ मानव संसाधन को संरेखित किया है। बैंक ने तीनों बैंकों के कार्यात्मक वातावरण को पोषित करने तथा संस्कृति का सहज एकीकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक एकीकरण कार्यक्रम भी शुरू किया। इसका मुख्य उद्देश्य कर्मचारी की अपेक्षाओं के साथ समामेलित इकाई के कार्यनीतिक बदलावों को संरेखित करना था, जो आगे परस्पर तालमेल बढ़ाने में मदद करेगा। बैंक ने चिन्हित क्षेत्रों में तालमेल बढ़ाने के लिए कार्यान्वयन शुरू किया है। इसके अंतर्गत, बैंक ने तालमेल बढ़ाने के लिए विभिन्न परिचालन खंडों की पहचान की है जैसे; शाखा/एटीएम युक्तिकरण, बिक्री में कर्मचारियों की पुन: तैनाती, चिन्हित परिसरों की बिक्री, सामंजस्य पूर्ण प्रक्रियाओं के कारण होने वाली आईटी लागत में बचत आदि। व्यवसाय, मानव संसाधन और आईटी एकीकरण पूरा करने के बाद, बैंक का प्रयास अब व्यवसाय को बेहतर बनाने की दिशा में अधिक ध्यान देना है।

end- March 2021 from 14.7 percent at end-March 2020. As per RBI, stress tests indicate that Indian banks have sufficient capital at the aggregate level even in a severe stress scenario.

The impact of COVID-19 has triggered a paradigm shift in the way banking business is undertaken across the globe, with an increasing role of digitalisation. Going forward, accommodative liquidity and interest rates, growth measures by the government and the mass vaccination drive are likely to drive the economic recovery. The Capex push by Government alongwith the rising capacity utilization also to support GDP outlook, ushering in a positive outlook for the credit scenario.

Amalgamation

Your Bank was one of the first among amalgamated Public Sector Banks (PSBs) to carry out integration of all branches of eOBC and eUNI with PNB and upgraded from Finacle 7 to 10 in record time, without affecting customer services. Further 196 surround applications were also made live for amalgamated entity during the financial year. More than 18 Crore Customers of the three banks are now on same Platform. All the products, policies and processes have been harmonized and the best products and policies across the three banks have been adopted taking into account customer and employee needs along with the business interests. As far as Human Resource (HR) Integration is concerned, the Bank has reviewed and harmonized all of its staff welfare and benefit schemes based on the “Best of three” principle and aligned HR with the business strategy of the Bank to boost performance and enhance the satisfaction of the employees. Bank also initiated Cultural Integration Program in order to ensure nurturing work environment and smooth integration of culture of all three banks. The main objective was to align the strategic shifts of the amalgamated entity with employee’s expectations, which will further help in realizing synergy benefits. Bank has initiated implementation for realization of synergy in the identified areas. Under the same, Bank has identified different operating segments like Branch/ATM rationalization, redeployment of staff to sales, sale of identified premises, savings in IT cost arising due to harmonized processes etc. for synergy benefits. Having completed Business, HR and IT integration, Bank’s endeavour is now to provide greater thrust towards improving business.

पुनर्गठित संगठनात्मक संरचना: एक प्रवर्तक

समामेलित इकाई के सुचारू संचालन के लिए, विभिन्न व्यावसायिक वर्टिकल के गठन के साथ-साथ संगठन संरचना का पुनर्गठन किया गया था। 1 जुलाई, 2020 से तीनों बैंकों के एक इकाई के रूप में कार्य करने के साथ पुनर्गठित संरचना का रोल आउट किया गया है। जबकि, स्तरीय संरचना चार स्तरीय ही रहेगी जिसमें शाखा, मंडल, अंचल और प्रधान कार्यालय शामिल होंगे, नई संरचना के अंतर्गत एक वर्टिकल ऋण संवितरण मॉडल बनाया गया है। एक्स्ट्रा लार्ज कॉर्पोरेट शाखाएं/बड़ी कॉर्पोरेट शाखाएं (ईएलसीबी/एलसीबी), मध्य कॉर्पोरेट केंद्र (एमसीसी), पीएनबी ऋण केंद्र (रैम/आईरैम) तथा अंचल जोखिम प्रबंधन केंद्र (जेडआरएमसी) जैसे वर्टिकलों का गठन ऋण हामीदारी कार्यकुशलता और कार्य-वापसी समय में सुधार के उद्देश्य से किया गया है। नई संरचना के परिणामस्वरूप उच्चतम परिचालन दक्षता और सतत विकास में गति आई है।

मैं, अब आपके साथ वित्तीय वर्ष 21 के दौरान आपके बैंक की कुछ प्रमुख कार्य-निष्पादन विशेषताओं को साझा करूंगा।

वित्तीय प्रदर्शन:

एक चुनौतीपूर्ण वर्ष के बावजूद, बैंक ने 31 मार्च, 2021 को रु.7,39,407 करोड़ सकल वैश्विक अग्रिम और रु.11,06,332 करोड़ सकल वैश्विक जमाराशि के साथ रु.18,45,739 करोड़ के सकल वैश्विक कारोबार के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। कम ऋण मांग के कारण, जमाराशियों में धीमी गति से जाना और वित्त वर्ष 21 के दौरान लगभग 30,000 करोड़ रुपये बल्क जमा कम करना एक रणनीतिक निर्णय था।

45.5 प्रतिशत के कासा शेयर के साथ बैंक की कम लागत वाली सुविधा मजबूत रही। चालू और बचत जमा राशियां(कासा) रु. 4,92,782 करोड़ रहीं। जिसके परिणामस्वरूप, जमा राशियों की वैश्विक लागत 4.44 प्रतिशत पर बनी रही।

वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए, बैंक के लाभप्रदता मानदंड और अनुपात स्थिर रहे। बैंक का परिचालन लाभ रु. 2022 करोड़ के निवल लाभ के साथ रु.22,980 करोड़ रहा। वित्तीय वर्ष 21 के दौरान आस्तियों पर प्रतिलाभ और इक्विटी पर प्रतिलाभ क्रमशः 0.15 प्रतिशत और 3.88 प्रतिशत रहा। प्रति शेयर मूर्त बही मूल्य भी बढ़कर 53.07 रुपये हो गया। वित्त वर्ष 21 के दौरान आय अनुपात की लागत में भी 46.91 प्रतिशत का सुधार हुआ। प्रमुख उत्पादकता पैरामीटर, प्रति कर्मचारी व्यवसाय, मार्च'21 में बढ़कर 1885 लाख रुपये हो गया। इसी तरह, उन्नत दक्षता के संकेत के रूप में, घरेलू और वैश्विक निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में वित्तीय वर्ष 2021 में क्रमशः 2.99 प्रतिशत और 2.88 प्रतिशत का सुधार हुआ।

Revamped Organizational Structure: An Enabler

For smooth functioning of the amalgamated entity, the organization structure was restructured along with formation of various business verticals. Rollout of the revamped structure has been made with effect from 1st July, 2020 with the three Banks functioning as a single unit. While the layering structure continue to be four tiered involving Branch, Circle, Zone and Head Office, a verticalized credit delivery model has been put in place under the new structure. The Verticals like Extra Large Corporate Branches/Large Corporate Branches (ELCB/LCB), Mid Corporate Centres (MCCs), PNB Loan Points (RAM/iRAM) alongwith Zonal Risk Management Centres (ZRMCs) have been formed with an objective to improve credit underwriting, efficiency and turnaround time. The roll out of the new structure has brought in greater operational efficiency and steady growth momentum.

I would now share with you some of key performance highlights of your Bank during the FY 21.

Financial Performance:

In spite of a challenging year, the Bank reached the mark of Rs. 18,45,739 Crore in gross global business as on 31st March, 2021 with Gross Global Advances at Rs. 7,39,407 Crore and Gross Global Deposit at Rs. 11,06,332 Crore. On account of muted credit demand, it was a strategic decision to go slow in deposits and shed around Rs 30,000 crore of bulk deposits during FY 21.

Bank's low cost franchise remained robust with the CASA share at 45.5 percent. Current and Saving Deposits (CASA) were at Rs. 4,92,782 Crore. As a result, the global cost of deposit was contained at 4.44 percent.

For the FY 2020-21, Bank's profitability parameters and ratios remained stable. Bank's Operating Profit was at Rs. 22,980 Crore along with a Net Profit of Rs. 2022 Crore. Return on Assets and Return on equity stood at 0.15 percent and 3.88 percent respectively during FY 21. Tangible Book value per share also improved to Rs 53.07. Cost to income Ratio also improved to 46.91 percent during FY 21. The key productivity parameter, Business per employee increased to Rs 1885 lakh in March'21. Similarly, as an indication of improved efficiency, domestic and global Net Interest Margin (NIM) improved to 2.99 percent and 2.88 percent respectively in FY21.

आस्ति गुणवत्ता और पूंजी पर्याप्तता

अधिकांश अवधि (वित्तीय वर्ष 20-21 के दौरान) के कोविड -19 परिदृश्य के बावजूद, 31 मार्च 2021 को बैंक सकल एनपीए रु. 1,04,423 करोड़ के स्तर पर बनाए रखने में सक्षम रहा। जबकि सकल एनपीए अनुपात 14.12 प्रतिशत रहा, निवल एनपीए अनुपात 5.73 प्रतिशत रहा। प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 80.14 प्रतिशत के स्तर पर बना रहा।

चूंकि, आस्ति गुणवत्ता में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक रही है, इसलिए बैंक इस संबंध में सुधार की दिशा में प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग कर रहा है। संगठनात्मक पुनर्गठन के हिस्से के रूप में सस्त्रा वर्टिकल के नाम से एनपीए खातों की वसूली हेतु एक विशिष्ट वर्टिकल बनाया गया है, जो विशेषतया और केंद्रीकृत वसूली अभियानों के लिए है । फील्ड पदाधिकारियों के वसूली संबंधी प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए, एक सामान्य वसूली पोर्टल अर्थात; सस्त्रा पोर्टल शुरू किया गया है। इसके अतिरिक्त, एनपीए खातों की प्रभावी निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए, पीएनबी प्राइड एप्प, जियो टैगिंग सक्षम एप्प भी शुरू किया गया था। इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान एक विशेष ओटीएस योजना शुरू की गई थी।

ऋण में हामीदारी अंकन मानकों में सुधार लाने के लिए, बैंक ने ऋण प्रबंधन के लिए एक आईटी आधारित समाधान शुरू किया है जिसे **पीएनबी लेंस-** द लेंडिंग सॉल्यूशन नाम दिया गया है। यह प्रणाली रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई ऋणों (रु.25 करोड़ तक) के लिए लागू की गई है । अगले चरण में कॉर्पोरेट मॉड्यूल (रु.25 करोड़ से अधिक) अपनाया जा रहा है। इसके अलावा, डाटा विश्लेषण के उपयोग के माध्यम से पूर्व-अनुमोदित व्यक्तिगत ऋणों के माध्यम से एंड टू एंड डिजिटल ऋण को भी सक्षम किया गया है।

वित्तीय वर्ष के दौरान पूंजी संरक्षण उपायों, सक्रियता से पूंजी जुटाने और बेहतर लाभप्रदता के कारण बैंक की पूंजी पर्याप्तता में सुधार हुआ। 31 मार्च, 2021 को बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 14.32 प्रतिशत रहा, जिसमें टियर-I पूंजी 11.50 प्रतिशत और सीईटी-I 10.62 प्रतिशत रही। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, बैंक ने क्यूआईपी के माध्यम से रु. 3,788 करोड़ की इक्विटी पूंजी, टियर- II बॉन्ड के माध्यम से रु. 3,994 करोड़ और एटी-I बॉन्ड के माध्यम से 495 करोड़ रुपये जुटाए। बैंक ने कम जोखिम प्रोफाइल वाले बेहतर रेटेड उधारकर्ताओं को लक्षित करके सतत व्यापार विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करना जारी रखा। इसी के साथ, बैंक अर्थव्यवस्था की बढ़ती ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से अच्छी स्थिति में है।

तकनीकी पहल और डिजीटलीकरण

बैंक मानता है कि इस गतिशील परिदृश्य में डिजिटलीकरण एक लागत प्रभावी अनिवार्यता है और तदनुसार सर्वोत्तम ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करने पर केंद्रित है। बैंक ने बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में अनुसंधान करने और तकनीकी समाधान

Asset Quality and Capital Adequacy

Despite Covid-19 scenario during most of the period (during FY 20-21), Bank was able to contain Gross NPA at the level of Rs. 1,04,423 Crore as on 31st March 2021. While the Gross NPA ratio stood at 14.12 percent, Net NPA ratio was at 5.73 percent. Provision Coverage Ratio (PCR) remained at level of 80.14 percent.

As the asset quality improvement remains one of the top priority, the Bank is making optimum use of technology towards improvement in this regard. An exclusive Vertical for recovery of NPA Accounts, as part of the Organizational restructuring, called SASTRA Vertical has been created for exclusive & focussed recovery operations. In order to support recovery efforts of field functionaries, a common recovery portal i.e. SASTRA Portal has been rolled out. Further, for effective monitoring and follow-up of NPA Accounts, PNB Pride App, a Geo Tagging enabled App, was also rolled out. In addition, a Special OTS Scheme was launched during the year.

Towards improving underwriting standards in credit, Bank has launched an IT based solution for loan management christened as **PNB LenS-** the Lending Solution. This system has been implemented for Retail, Agriculture and MSME Loans (upto Rs. 25 Crore). The Corporate Module (Above Rs. 25 Crore) is being taken up in the next phase. Besides, end to end digital lending has also been enabled through pre-approved personal loans by using data analytics.

The capital adequacy of the Bank improved during the financial year on account of capital conservation measures, proactive capital raising and improved profitability. The Capital Adequacy ratio of the Bank stood at 14.32 percent, as of 31st March, 2021, with Tier-I capital at 11.50 percent and CET1 of 10.62 percent. During FY 2020-21, Bank has raised equity capital of Rs. 3,788 Crore through QIP, Rs 3,994 Crore through Tier-II Bonds and Rs 495 Crore through AT-1 Bonds. The Bank continued with its focus on sustainable business growth by targeting better rated borrowers with low risk profile. Going forward, the Bank is strategically well placed to meet the growing credit needs of the economy.

Technology Initiatives and Digitalisation

The Bank recognizes that digitization is a cost effective imperative in this dynamic landscape and is accordingly focused on harnessing the power of technology for delivering best customer experience.

विकसित करने हेतु आईआईटी कैंपस में **पीएनबी–आईआईटी कानपुर इनोवेशन सेंटर** की संयुक्त रूप से स्थापना करने के लिए आईआईटी कानपुर और फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (FIRST) के साथ हाथ मिलाया।

वर्ष के दौरान, यूपीआई लेनदेन में 123 प्रतिशत की वृद्धि के साथ डिजिटल लेनदेन का प्रतिशत बढ़कर 56 प्रतिशत हो गया है। बैंक के 'वन फॉर ऑल' और 'ऑल फॉर वन' मोबाईल बैंकिंग एप्लिकेशन, **पीएनबी वनएप्प,** ने 31 मार्च 2021 के अंत तक 20 मिलियन से अधिक उपयोगकर्ताओं को अपने साथ जोड़ा है। एप्प को और अधिक सक्षम किया गया और कई नई कार्यक्षमताओं को जोड़कर इसे अधिक ग्राहक अनुकूल बनाया गया है जैसे 9 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्धता, एनपीएस की सदस्यता और योगदान की सुविधा, डेबिट कार्ड निजीकरण आदि।

वर्ष के दौरान, बैंक ने विदेशी मुद्रा व्यापार के विकास में तेजी लाने के लिए **ट्रेड फाइनेंस रीडिफाइंड** पोर्टल शुरू किया। चरण–I के तहत, पोर्टल का निर्यात मॉड्यूल लागू किया गया है, जिसमें ग्राहक सभी प्रकार के निर्यात बिल अनुरोध ऑनलाइन आसानी से कहीं से भी जमा कर सकते हैं। यह सभी स्वीकृत सीमाओं के डायनामिक डिस्प्ले और आरंभ किए गए लेनदेन के वास्तविक समय स्थिति अपडेट की सुविधा प्रदान करता है। आयात और विदेशी एलसी/बीजी मॉड्यूल विकासाधीन है और इसे चरण–II के तहत शुरू किया जाएगा।

डिजिटल चैनलों पर ग्राहकों को जोड़ने के उद्देश्य से, **'डिजिटल अपनाएं अभियान'** 15 अगस्त 2020 को शुरू किया गया था, जहां 83 लाख से अधिक नए ग्राहक जुड़े। इसी तरह, 2 अक्टूबर 2020 को शुरू किए गए **'ग्राम संपर्क अभियान'** में डिजिटल ऑन बोर्डिंग, सामाजिक सुरक्षा और ऋण सुविधाओं के नामांकन हेतु लगभग 30000 शिविरों में 11 लाख ग्राहकों से सम्पर्क किया गया था।

एमएसएमई लेंडिंग

एमएसएमई क्षेत्र हमारे औद्योगिक क्षेत्र की रीढ़ है और अर्थव्यवस्था के लिए यह एक महत्वपूर्ण विकास कारक है, जो उद्यमिता को बढ़ावा देता है, नवोन्नमेष को प्रेरित करता है और रोजगार सृजन को बढ़ावा देता है। आपका बैंक नई इकाइयों की स्थापना के साथ–साथ मौजूदा व्यावसायिक इकाइयों के विस्तार के लिए उधारकर्ताओं को सभी प्रकार की निधि आधारित और गैर–निधि आधारित सुविधाएं प्रदान करता है। आपके बैंक ने कोविड 19 महामारी से लड़ने के लिए भारत सरकार के विशेष आर्थिक और व्यापक पैकेज में तहे दिल से भाग लिया तथा पात्र उधारकर्ताओं को पहले ही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ दिया जा चुका है, जैसे; गारंटीकृत आपातकालीन क्रेडिट लाइन (GECL), दबावग्रस्त एमएसएमई हेतु अधीनस्थ ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी योजना

Bank joined hands with IIT Kanpur and Foundation for Innovation & Research in Science & Technology (FIRST) to jointly establish the **PNB – IIT Kanpur Innovation Centre** at the IIT Campus to conduct research and develop technological solutions in the Banking & Financial Services sector.

During the year, the percentage share of digital transactions has improved to 56 percent with sharp increase in UPI transactions by 123 percent. Bank's 'One for All' and 'All for One' Mobile Banking application, **PNB ONE app,** has crossed more than 20 million users as at the end of 31st March 2021. The App has been further strengthened and made more customer friendly with addition of many new functionalities such as availability in 9 regional languages, facility for subscription and contribution of NPS, Debit Card Personalization, etc.

During the year, Bank launched **Trade Finance Redefined Portal** to accelerate the growth of forex business. Under Phase – I, the Export Module of the portal has been implemented wherein, the customer can submit all types of export bills request online conveniently from anywhere. It provides the facility of dynamic display of all sanctioned limits and Real time Status updates of the initiated transactions. Import and Foreign LC/BG Module is under development and shall be launched under Phase – II.

With an objective to on-board customers on digital channels, the **'Digital Apnayen Campaign'** was launched on 15th August 2020 where more than 83 Lakh customers were on-boarded. Similarly, in the **'Gram Sampark Abhiyan',** which was launched on 2nd October 2020, 11 Lakh customers were contacted in around 30000 camps for digital on boarding, enrolment for social security and credit facilities.

MSME Lending

The MSME sector forms the backbone of our industrial sector and constitutes an important growth engine for the economy that promotes entrepreneurship, inspires innovation and boosts employment generation. Your Bank provides all types of fund based and non-fund based facilities to the borrowers for setting up new units as well as expansion of existing business units. Your Bank wholeheartedly participated in the Govt. of India special economic and comprehensive package to fight COVID 19 pandemic and the benefits have already been passed on to eligible borrowers through schemes like Guaranteed Emergency Credit Line (GECL), Credit Guarantee Scheme for Subordinate Debt (CGSSD) for Stressed MSMEs, PM Street

(CGSSD), पीएम स्ट्रीट वेंडर्स की आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत दिए गए शिशु ऋण के शीघ्र पुनर्भुगतान पर 2% की ब्याज अनुदान योजना, पीएनबी कोविड-19 आपातकालीन ऋण सुविधा (पीएनबी-सीईसीएफ) आदि।

सूक्ष्म और लघु उद्यमों को समय पर वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए आपके बैंक द्वारा विभिन्न पहलें की गई हैं जैसे चैनल वित्तपोषण के लिए गठबंधन, एनबीएफसी के साथ ऋणों का सह-वित्तपोषण, नकदी प्रवाह आधारित योजनाएं जैसे पीएनबी जीएसटी एक्सप्रेस ऋण तथा पीएनबी तत्काल योजना, जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख के लिए पीएनबी शिखर योजना, आदि। एमएसएमई का समर्थन करने के लिए, आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार अग्रिमों का पुनर्गठन भी किया गया था।

बैंक ने एमएसएमई जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक वर्टिकलाइज्ड ऋण संवितरण मॉडल भी तैयार किया है जिसमें मिड कॉरपोरेट सेंटर (रु.50 करोड़ तक के ऋण) और पीएनबी ऋण केंद्र (रु. 1 करोड़ तक के आरएएम ऋण) शामिल हैं।

जन प्रबंधन

समामेलन के बाद, बैंक का पूरा स्टाफ एक संगठित टीम के रूप में कार्य कर रहा है। समामेलित इकाई के लिए तीनों बैंकों की सर्वोत्तम व्यवहार और नीतियों को ध्यान में रखते हुए मानव संसाधन नीतियों, प्रणाली और प्रक्रियाओं में सामंजस्य स्थापित किया गया है। पुन: प्रतिरूपित संगठन संरचना और वर्टिकलाइजेशन को ध्यान में रखते हुए श्रमशक्ति को भी युक्तिसंगत बनाया गया है। सभी स्तरों पर, तीनों बैंकों के स्टाफ को उचित रूप से समाहित करना सुनिश्चित किया गया है। इसके अलावा, बैंक ने कर्मचारियों की अपेक्षाओं के साथ समामेलित इकाई के रणनीतिक बदलावों को संरेखित करने के लिए सांस्कृतिक एकीकरण की शुरुआत की।

बैंक ने अपने 1,00,000+ कर्मचारियों के समृद्ध प्रतिभाशाली समूह तक अपनी पहुंच को सुगम बनाने के लिए मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) को सफलतापूर्वक एकीकृत किया है। वर्ष के दौरान, बैंक ने अधिकारियों की कार्यक्षमता के दोहन और क्षमता में सुधार लाने के लिए कार्यनिष्पादन की बेहतर योजना, निगरानी और मूल्यांकन हेतु समामेलित इकाई के अधिकारियों के लिए अपनी डिजिटल कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) लागू की है। बैंक ने पदोन्नति कार्य में तेजी लाई और निर्बाध बैंकिंग परिचालन सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु मार्च 2021 से पहले इस प्रक्रिया को पूर्ण किया।

कोविड-19 महामारी को देखते हुए, बैंक ने कार्यक्षेत्र में ज्ञान अर्जन करने की स्थिति को परिवर्तन किया है और इसे मौजूदा कक्षा सामग्री को बेजोड़ गति, पैमाने और गुणवत्ता वाले सशक्त एवं तीव्रतम ई-लर्निंग

Vendor's AtmaNirbhar Nidhi (PM SVANidhi), Interest Subvention Scheme of 2% on Prompt Repayment of Shishu Loan Extended Under Pradhan Mantri Mudra Yojana (PMMY), PNB COVID-19 Emergency Credit Facility (PNB-CECF), etc.

In order to provide timely financial support to Micro and Small Enterprises various initiatives are taken by your Bank such as Tie-Ups for channel financing, co-lending of loans with NBFCs, cash-flow based schemes like PNB GST Express Loan and PNB Tatkal Scheme, PNB Shikhar Scheme for Jammu and Kashmir and Ladakh, etc. In order to support MSMEs, restructuring of Advances was also undertaken in terms of RBI guidelines.

Bank has also put in place a Verticalized Credit Delivery Model to focus on sectors like MSME that includes Mid Corporate Centres (Loans upto Rs. 50 Crore) and PNB Loan Points (RAM Loans upto Rs. 1 Crore).

People Management

Post amalgamation, the entire staff of the Bank is working as a unified team. HR policies, system & procedures have been harmonized considering best of the practices & policies of the three banks for the amalgamated entity. Manpower has also been rationalized in view of the re-modelled organization structure and verticalization. Proper mix of staff of all the three banks at all levels has been ensured. Further, Bank initiated Cultural Integration to align the strategic shifts of the amalgamated entity with employee's expectations.

Bank has successfully integrated its Human Resources Management System (HRMS) for enhancing ease of access to its rich talent pool of 1,00,000+ employees. During the year, Bank has implemented its digital Performance Management System (PMS) for officers of the amalgamated entity for better planning, monitoring & evaluating the performance to unlock their potential and improve their efficiency. Bank expedited the promotion exercise and completed the process for FY 2021-22 before March 2021 to ensure uninterrupted Banking operations.

In view of the Covid-19 pandemic, Bank has changed the workplace learning and has shifted from classroom trainings to training through virtual mode by converting

समाधान में परिवर्तित करते हुए वर्चुअल मोड प्रशिक्षणों में बदल दिया है। कर्मचारियों ने आंतरिक कार्यक्रमों और बाहरी संस्थानों के माध्यम से कार्यक्रमों दोनों के जरिए कौशल-संवर्धन कार्यक्रमों में भाग लिया है।

existing classroom material into robust & rapid e-learning solutions having unmatched speed, scale and quality. Employees have undertaken the up-skilling programs both through internal programs and programs through Outside Institutes.

कोविड-19 महामारी एवं बैंक की पहल

इस समय महामारी के मद्देनजर भविष्य का आर्थिक संकट अनिश्चित बना हुआ है। हालाँकि, महामारी की दूसरी लहर का प्रभाव आर्थिक मोर्चे पर पहली लहर की तुलना में कम गंभीर होगा क्योंकि व्यवसाय परिस्थिति के अनुकूल ढल गए हैं। बैंक ने नियामक के निर्देशों का संज्ञान लिया और अपने ग्राहकों की सभी श्रेणियों के हितों के लिए राहत तथा समर्थन उपायों को लागू किया। देश भर में व्याप्त अभूतपूर्व स्थिति के बावजूद, बैंक ग्राहकों को लगातार बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है और बैंक ने ऑनलाइन मोड के माध्यम से बचत खाता खोलने के लिए वीडियो केवाईसी प्रक्रिया शुरू की है। बैंक ने अपने कर्मचारियों की सहायता करने के लिए वर्क फ्रॉम होम (डब्ल्यूएफएच) की सुविधा, विशेष छुट्टी की सुविधा, कोविड -19 के कारण मृत्यु के मामले में एकमुश्त मुआवजा आदि देने जैसी कई पहल की हैं। इसके अलावा, कोविड -19 से प्रभावित कर्मचारियों की सहायता के लिए, कोविड -19 पीएनबी कर्मचारी सहायता पोर्टल नामक एक पोर्टल शुरू किया गया था। बेहतर ग्राहक सुविधा के लिए बैंकिंग के डिजिटल मोड पर अधिक जोर देना सुनिश्चित किया गया था।

एक सामाजिक रूप से जिम्मेदारी वाली संस्था के नाते और महामारी की दूसरी लहर को देखते हुए, बैंक ने संगठनों के राहत संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर, कंसेंट्रेटर, अन्य जीवन सहायक चिकित्सा उपकरण एम्बुलेंस आदि का योगदान दिया है। बैंक ने पीएम केयर्स फंड में रु. 3.94 करोड़ और रु. 2.79 करोड़ का 8 राज्यों में मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान दिया है।

Covid-19 Pandemic and Bank's Initiative

The future economic trajectory in view of the pandemic remains uncertain at this juncture. However, the impact of second wave of the pandemic will be less severe than the first wave on economic front since the businesses have adapted to the situation. The Bank took cognisance of Regulator's directives and implemented relief and support measures for the benefits of all the categories of its customers. Despite the unprecedented situation prevailing across the country, the bank has been continuously rendering banking services to customers and has started Video KYC process for opening of Saving Account through online mode. Bank has taken number of initiatives like extending Work from Home (WFH) facility, introduced the facility of special leave, one time compensation in case of death due to Covid-19 etc. to support its employees. Further, to assist staff impacted by Covid-19, a portal christened as "Covid-19 PNB Employee Support Portal" was started. Greater thrust on digital mode of banking was ensured for better customer convenience.

Being a socially responsible organization and in view of the second wave of the pandemic, Bank has contributed oxygen cylinders, concentrators, other life supporting medical equipments, Ambulances, etc. towards relief support of Organizations. Bank has also contributed Rs. 3.94 Crore to PM Cares fund and Rs. 2.79 Crore to Chief Ministers Relief Fund in 8 states.

पुरस्कार और सम्मान

मुझे आपके साथ यह साझा करते हुए गर्व हो रहा है कि बैंक की अनेक उपलब्धियां रहीं हैं और विभिन्न प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंचों पर इन्हें मान्यता प्रदान की गई है। ज्यादातर सम्मान तकनीक के क्षेत्र में प्राप्त हुए हैं। **आपके बैंक ने ET-BFSI एक्सीलेंस अवार्ड 2020 में ET-BFSI मोस्ट इन्नोवेटिव पब्लिक सेक्टर बैंक ऑफ़ द ईयर जीता।** इसके अलावा, आईबीए बैंकिंग प्रौद्योगिकी 2019-20 पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ डिजिटल वित्तीय समावेशन पहल और सर्वश्रेष्ठ आईटी जोखिम और साइबर सुरक्षा पहल नाम की श्रेणियों के तहत पीएनबी संयुक्त उपविजेता रहा।

इसके अलावा, मैसर्स इंफोसिस ने पीएनबी के पथप्रदर्शक प्रोसेस इन्नोवेशन के लिए फिनेकल क्लाइंट इनोवेशन अवार्ड्स 2020 में उप-विजेता अवार्ड से सम्मानित किया। बैंक को लीडर ऑफ़ द ईयर इन बैंकिंग श्रेणी के तहत डीएससीआई एक्सीलेंस अवार्ड भी प्रदान किया

Awards and Recognitions

I am proud to share with you that Bank has multifarious achievements and has been acknowledged at diverse prestigious national platforms. Majority of the accolades have been in the front of technology. Your Bank won the ET-BFSI **"Most Innovative Public Sector Bank of the Year"** in the ET-BFSI Excellence awards 2020. Further, PNB was Joint runner-up in the IBA Banking technology 2019-20 awards under categories namely "Best Digital Financial Inclusion initiatives" and "Best IT Risk & Cyber Security initiatives".

Also, M/s Infosys awarded PNB with "Runner Up Award" in Finacle Client Innovation Awards 2020 for PNB's path breaking "Process Innovations". Bank was

गया। एसोचैम अवार्ड के अंतर्गत, पीएसबी विलय श्रेणी के तहत पीएनबी को डिजिटल सेवा में उपविजेता घोषित किया गया था।

बैंक सेवाओं को इन्नोवेटिव ट्रेनिंग प्रैक्टिस 2019-20 के लिए इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलप्मेंट (आईएसटीडी) द्वारा बीएफएसआई और आईटी आईटीईएस श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बैंक को रिस्पांस टू कोविड गारंटीड इमरजेंसी क्रेडिट लाइन (जीईसीएल) के तहत स्कॉच गोल्ड अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। मैसर्स बैंकिंग फ्रंटियर मैगजीन ने आपके बैंक के उत्पाद- पीएनबी वेरीफाई के लिए फिनोविटी अवार्ड 2021 प्रदान किया।

भावी योजनाएँ

वित्तीय वर्ष 2020-21 ने बैंकिंग प्रणाली चार्ट को पीएसबी के बड़े पैमाने पर समामेलन के साथ एक नए क्षेत्र के रूप में देखा। हालांकि, कोविड-19 महामारी को वैश्विक आर्थिक इतिहास की सबसे विकट चुनौती माना गया। इसने डिजिटलीकरण की बढ़ती भूमिका के साथ, दुनिया भर में बैंकिंग व्यवसाय करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव भी शुरू किया है। सकारात्मक पक्ष को देखते हुए, बैंक डिजिटलीकरण और वर्टिकलाइज्ड बिजनेस मॉडल पर अधिक जोर देते हुए आसपास के अवसरों का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। बैंक का लक्ष्य डिजिटल कैनवास का लाभ उठाकर अपनी पहुंच, उत्पादकता और गुणवत्ता सेवा को बढ़ाना है और उच्च स्तर के डिजिटल जुड़ाव के साथ ग्राहकों की ओर ध्यान केंद्रित करके डिजिटल चैनल अपनाने में वृद्धि करना है।

एकीकरण प्रक्रिया के पूर्ण होने और पुनर्गठित संगठन संरचना के साथ, अब ग्रामीण एवं कृषि बैंकिंग में अग्रणी होने और एमएसएमई के लिए 'पसंदीदा बैंकर' बनने के दृष्टिकोण के साथ कारोबार के विकास पर जोर दिया जा रहा है। रिटेल, कृषि और एमएसएमई खंड के तहत, बैंक मौजूदा भौगोलिक क्षेत्रों में अपने कारोबार का प्रति शाखा शेयर बढ़ाने और कम उपस्थिति वाले क्षेत्रों में अपनी पैठ बढ़ाने की योजना बना रहा है। बैंक नए उभरते क्षेत्रों की वित्तीय जरूरतों और उन ग्रामीण क्षेत्र में भावी व्यावसायिक अवसरों को खोजने की संभावनाओं का भी पता लगाएगा, जो अभी भी काफी हद तक अनछुए हैं।

बैंक अपनी आरामदायक पूंजी स्थिति, लाभप्रदता और पुनर्गठित संगठन संरचना को देखते हुए भविष्य के दबाव का प्रबंधन करने की बेहतर स्थिति में है। बैंक सूक्ष्म निगरानी, बेहतर हामीदारी विवेक, जोखिम नियंत्रण और पूंजी सुधार पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ आस्ति गुणवत्ता सुधार की दिशा में प्रौद्योगिकी के सर्वोतम प्रयोग पर ध्यान केंद्रित करेगा। बेहतर लाभप्रदता के लिए बैंक अपने गैर-ब्याज आय स्रोतों में विविधता लाने का भी प्रयास करेगा।

आगे, बैंक का प्रयास अपनी अंतर्निहित शक्तियों और 126 वर्षों के बैंकिंग अनुभव के आधार पर नए उभरते परिदृश्य के अनुकूल होने के

also given DSCI Excellence Awards 2020 under the category "Security Leader of the Year in Banking". Under ASSOCHAM Awards, PNB was declared Runner up in Digital Service under PSB merged category.

Bank was awarded Second Prize in Services (BFSI & IT/ITES Category) by Indian Society for Training and Development (ISTD) for Innovative Training Practices 2019-20. The Bank was also honoured with Skoch Gold Award under Response to COVID Guaranteed Emergency Credit Line (GECL). M/S Banking Frontier magazine bestowed "Finnoviti Award 2021" for your Bank's Product – PNB Verify.

Looking Ahead

The FY 2020-21 saw the banking system chart a new territory with large scale amalgamations of PSBs. However, Covid-19 pandemic posed to be the most formidable challenge in the global economic history. It has also triggered a paradigm shift in the way banking business is undertaken across the globe, with an increasing role of digitalisation. Looking at the brighter side, Bank is focussed on leveraging the opportunities around the corner with greater thrust on digitalization and the verticalized business model. Bank aims to increase its outreach, productivity and quality service by leveraging Digital Canvas and increase digital channel adoption by focusing on customer segments with high degree of digital engagement.

With completion of integration process and revamped organisation structure in place, the thrust is now on Business Growth with an approach to be a leader in Rural and Agri Banking and be the 'Preferred Banker' for MSMEs. Under Retail, Agriculture and MSME Segment, Bank plans to increase its business per branch share in existing geographies and enhance its penetration in areas with low presence. Bank will also explore opportunities to address the financing needs of new sunrise sectors and the prospective business opportunities in the rural sector which still remains largely unexplored.

Bank is better positioned in managing future stress in view of its comfortable capital position, profitability and revamped organization structure. Bank will focus on optimum use of technology towards asset quality improvement with close monitoring, greater focus on better underwriting prudence, risk controls and capital improvement. Bank will also endeavour to diversify its non interest income sources, for improved profitability.

Going forward, Bank's endeavor will be to continuously reinvent itself to adapt to the new emerging landscape buttressed by its inherent strengths and 126 years of

लिए स्वयं को लगातार नए सिरे से तैयार करना होगा। हमारा प्रयास भावी पीढ़ी के बैंकिंग संस्थान का निर्माण करना है जो अपने सभी हितधारकों के लिए मूल्यवान हो।

प्रमुख हितधारकों के रूप में, इस यात्रा के दौरान आपका दृढ समर्थन हमारे लिए महत्वपूर्ण रहा है और मुझे विश्वास है कि इस दिशा में आपका समर्थन भविष्य में भी जारी रहेगा।

मैं, बोर्ड के सभी सदस्यों को उनके बहुमूल्य समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं, इस अवसर पर अपने सभी हितधारकों को बैंक में उनके दृढ विश्वास के लिए भी तहेदिल से धन्यवाद देता हूं। हमारे ग्राहकों से मिल रहे निरंतर समर्थन के लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूँ। मैं इस चुनौतीपूर्ण समय में ग्राहकों को निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने कर्मचारियों को विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं। मुझे विश्वास है कि यह प्रतिष्ठित संस्थान और भी अधिक ऊंचाइयों को छुएगा और अपने विकास पथ को जारी रखेगा।

आपका,

(सीएच. एस.एस. मल्लिकार्जुन राव)
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

banking experience. Our endeavor is to build a Next Generation Banking Institution that creates value for all its stakeholders.

As major stakeholders, your unequivocal support throughout this journey has been instrumental for us and I am sure that your support in this direction will continue in future also.

I would like to acknowledge and thank all members of the Board for their valuable support and guidance. I also take this opportunity to wholeheartedly thank all our stakeholders for their unequivocal trust in the Bank. I sincerely express my gratitude for the continuous patronage we have received from our customers. I especially thank all our employees, in providing continuous services to customers in these challenging times. I am confident that this esteemed institution will scale still greater heights and continue its growth trajectory.

Yours Sincerely,

(CH. S. S. Mallikarjuna Rao)
Managing Director & CEO

निदेशक मंडल | Board of Directors

श्री. सीएच. एस.एस. मल्लिकार्जुन राव
प्रबंध-निदेशक एवं सीईओ
Shri. CH. S.S. Mallikarjuna Rao
Managing Director & CEO

श्री. संजय कुमार
कार्यपालक निदेशक
Shri. Sanjay Kumar
Executive Director

श्री. विजय दुबे
कार्यपालक निदेशक
Shri. Vijay Dube
Executive Director

श्री. अज्ञेय कुमार आज़ाद
कार्यपालक निदेशक
Shri. Agyey Kumar Azad
Executive Director

श्री. स्वरूप कुमार साहा
कार्यपालक निदेशक
Shri. Swarup Kumar Saha
Executive Director

श्री. पंकज जैन
भारत सरकार के नामित निदेशक
Shri. Pankaj Jain
Government of India Nominee Director

श्री. विवेक अग्रवाल
भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक
Shri. Vivek Aggarwal
Reserve Bank of India Nominee Director



डॉ. आशा भंडारकर
शेयरधारक निदेशक
Dr. Asha Bhandarker
Shareholder Director

श्री. गौतम गुहा
शेयरधारक निदेशक
Shri. Gautam Guha
Shareholder Director

श्री. विजय कुमार त्यागी
मुख्य सतर्कता अधिकारी
Shri. Vijay Kumar Tyagi
Chief Vigilance Officer

मुख्य महाप्रबंधक | Chief General Managers

श्री. राम कुमार
Shri. Ram Kumar

श्री. सुनील सोनी
Shri. Sunil Soni

श्री. राजेश वर्मा
Shri. Rajesh Verma

श्री. गौरी प्रसाद शर्मा
Shri. Gauri Prosad Sarma

श्री. विमलेश कुमार
Shri. Vimlesh Kumar

श्री. विशेष कुमार श्रीवास्तव
Shri. Vishesh Kumar Srivastava

श्री. रजनीश कर्नाटक
Shri. Rajneesh Karnatak

श्री. बिक्कर सिंह मान
Shri. Bikker Singh Mann

श्रीमती. आरती मट्टू
Mrs. Arti Mattoo

श्री. सुरेंद्र कुमार दीक्षित
Shri. Surendra Kumar Dixit

3. जो शेयरधारक, एजीएम के दौरान एजीएम में किए जाने वाले व्यवसाय के संबंध में अपने विचार व्यक्त करना/प्रश्न पूछना चाहते हैं, उन्हें अपने नाम, डीपी आईडी का उल्लेख करते हुए अपनी पंजीकृत ईमेल आईडी से अपना अनुरोध भेजकर स्वयं को वक्ता के रूप में पंजीकृत करना होगा। आईडी और क्लाइंट आईडी नंबर/फोलियो नंबर और मोबाइल नंबर, एजीएम शुरू होने से कम से कम 48 घंटे पहले अर्थात 24 जुलाई, 2021 को सुबह 11.00 बजे या उससे पहले बैंक की ईमेल आईडी यथा hosd@pnb.co.in पर भेजना होगा। वे शेयरधारक जिन्होंने स्वयं को एक वक्ता के रूप में पंजीकृत किया है, उन्हें बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करने/प्रश्न पूछने की अनुमति होगी।

4. शेयरधारक, जो वीसी/ओएविएम के द्वारा एजीएम में किए जाने वाले कार्य के संबंध में बैठक शुरू होने से कम से कम 48 घंटे पहले यानी 24 जुलाई, 2021 तक 11:00 सुबह बजे तक अपने नाम, डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी नंबर/फोलियो नंबर और मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए बैंक के ईमेल पते अर्थात hosd@pnb.co.in पर अपने प्रश्न प्रश्न बॉक्स के माध्यम से अग्रिम रूप से भेज सकते हैं/ शेयरधारकों द्वारा इस प्रकार के प्रश्नों को बैठक के दौरान उठाया जाएगा या बैंक द्वारा उपयुक्त उत्तर दिया जाएगा।

5. संस्थागत निवेशक, जो बैंक के शेयरधारक हैं, से अनुरोध किया जाता है कि वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हों।

7. **संवीक्षक**

मैसर्स एस.एन. अनंतसुब्रमण्यम एवं कंपनी. सचिवालय, को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई-वोटिंग प्रक्रिया की जांच करने के लिए बैंक द्वारा संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

संवीक्षक, वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के समापन के दो कार्य दिवसों के भीतर अध्यक्ष को दिए गए कुल मतों पर एक समेकित संवीक्षककर्ता रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा और अध्यक्ष या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति लिखित रूप में उक्त पर प्रतिहस्ताक्षर करेंगे तथा स्टॉक एक्सचेंज और बैंक की वेबसाइट पर समेकित संवीक्षककर्ता की रिपोर्ट के साथ परिणाम प्रस्तुत करते हुए तुरंत मतदान के परिणाम घोषित करेगा।

8. **अदावाकृत लाभांश**

शेयरधारकों को यह भी सूचित किया जाता है कि यदि कोई लाभांश राशि इसकी देय तिथि से 7 वर्षों के लिए अदत्त/अदावाकृत रहती है, तो उक्त अदत्त/अदावाकृत राशि को अधिनियम की धारा 10ठ के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (आईईपीएफ) को अंतरित किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2011-12 तक लाभांश खाते और वित्तीय वर्ष 2013-14 हेतु अंतरिम लाभांश में अदत्त/अदावाकृत राशि को आईईपीएफ में अंतरित कर दिया गया है।

वर्ष 2013-14 (अंतिम) हेतु आईईपीएफ को भुगतान/दावा न किए गए लाभांश को हस्तांतरित किया जाना है। जिन शेयरधारकों ने वर्ष 2012-13 के लिए लाभांश (ओं) प्राप्त/दावा नहीं किया है, वे उक्त राशि का दावा करने के लिए अपना नवीनतम पता, मोबाइल/टेलीफोन नंबर फोलियो नंबर/ डीपी-आईडी और ग्राहक आईडी तथा बैंक विवरण जैसे बैंक का नाम, शाखा का पता, बैंक खाता संख्या और आईएफएस कोड इत्यादि, देते हुए अनुरोध करें, क्योंकि यह राशि आईईपीएफ को अंतरित करने हेतु देय है। यदि दावा नहीं किया गया है, तो लागू दिशानिर्देशों के अनुसार अदत्त लाभांश आईईपीएफ को अंतरित कर दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, जिन शेयरधारकों ने अपने लाभांश वारंट/प्राप्त लाभांश को नहीं भुनाया है, उनसे अनुरोध है कि वे इसके दावे के लिए बैंक के शेयर ट्रांसफर एजेंट से संपर्क करें। बैंक के पास पड़े अदत्त/ अदावाकृत लाभांश की वर्षवार सूची बैंक की वेबसाइट (www.pnbindia.in) पर अपलोड की गई है।

3. Shareholders, who would like to express their views/ask questions during the AGM with regard to the business to be transacted at the AGM, need to register themselves as a Speaker by sending their request from their registered email id mentioning their name, DP ID and Client ID number/folio number and mobile number, to reach the Bank's email id i.e. hosd@pnb.co.in at least 48 hours in advance before the start of the AGM i.e. on or before 11.00 a.m. on 24th July, 2021. Those shareholders who have registered themselves as a speaker will only be allowed to express their views/ask questions during the meeting.

4. Shareholders can submit questions in advance with regard to the business to be transacted at the AGM from their registered email address, mentioning their name, DP ID and Client ID number/folio number and mobile number, to reach the Bank's email id hosd@pnb.co.in atleast 48 hours in advance before the start of the meeting i.e. by 24th July, 2021 by 11:00 a.m. Shareholders who will participate in the AGM through VC/ OAVM can also pose question/feedback through question box option. Such questions by the Shareholders shall be taken up during the Meeting or replied to by the Bank suitably.

5. Institutional Investors, who are shareholders of the Bank, are requested to be present in the AGM through VC/OAVM Facility.

7. **Scrutinizer**

M/s S.N. ANANTHASUBRAMANIAN & Co, Company Secretaries has been appointed as the Scrutinizer by the Bank to scrutinize the e-voting process in a fair and transparent manner.

The Scrutinizer shall submit a consolidated Scrutinizer's Report on the total votes cast to the Chairman of the Meeting within two working days of conclusion of the AGM and the Chairman or a person authorised by him in writing shall countersign the same and declare the result of the voting forthwith by placing the Results along with the Scrutinizer's Report on the website of Stock Exchanges and the Bank.

8. **Unclaimed Dividend**

Shareholders are hereby informed that if any dividend amount remains unpaid/ unclaimed for 7 years from its due date, the said unpaid/unclaimed amount has to be transferred to Investor Education & Protection Fund (IEPF) set up by Central Government pursuant to Section 10B of the Act. The unpaid/unclaimed amount in Dividend Account upto FY 2012-13 and the Interim Dividend for 2013-14 have been transferred to IEPF.

The unpaid/unclaimed dividend for the year 2013-14 (Final) is due to be transferred to IEPF. The shareholders who have not received/claimed the dividend(s) for the year 2013-14 (Final) are requested to claim the same by giving their latest address, Mobile/Telephone No. Folio No. / DP-ID & Client ID and Bank details viz. Bank name, Branch address, Bank account number and IFSC etc. for claiming the amount. If not claimed, the unpaid dividend will be transferred to IEPF in accordance with the applicable guidelines.

Further, the shareholders who have not encashed their Dividend Warrants/received dividend are requested to contact the Share Transfer Agent of the Bank for claiming the same. The year-wise data of unpaid/unclaimed dividend lying with the Bank is available on the Bank's website (www.pnbindia.in).

9. अन्य सूचना

क) सेबी के पूर्व कथित परिपत्र के अनुपालन में, 2020-21 की वार्षिक रिपोर्ट जिसमें बैंक की 20वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना सम्मिलित करते हुए, अन्य बातों के साथ-साथ, ई-वोटिंग आदि की प्रक्रिया और विधि का संकेत देते हुए, वार्षिक रिपोर्ट केवल उन सभी शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रेषित की जा रही है, जिनकी ईमेल आईडी रजिस्ट्रार और एसटीए अर्थात "बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज (पी) लिमिटेड"/ डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (ओं) के साथ पंजीकृत हैं।

ख) शेयरधारक यह भी नोट कर सकते हैं कि 2020-21 की एजीएम और वार्षिक रिपोर्ट की सूचना बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.in, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों क्रमश: www.bseindia.com और www.nseindia.com पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट अर्थात www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

ग) बैंक द्वारा किए गए 'हरित पहल' को ध्यान में रखते हुए, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे डीमैट रूप में रखे गए शेयरों के मामले में अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के साथ और भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के मामले में, अपने बैंक के एसटीए के साथी ईमेल आईडी: beetal@beetalfinancial.com) अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत करवाएं। इसके अलावा, परिवर्तनों के मामले में, यदि कोई हो, तो उनके नाम, डाक पते, ईमेल पते, टेलीफोन/मोबाइल नंबर, स्थायी खाता संख्या (पैन), अधिदेश, नामांकनों, बैंक विवरण जैसे बैंक का नाम और शाखा विवरण, बैंक खाता संख्या, एमआईसीआर कोड, आईएफएससी कोड इत्यादि, से संबंधित परिवर्तन को इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गए शेयरों के मामले में अपने डीपी को सूचित किया जा सकता है तथा भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के मामले में अपने एसटीए को सूचित किया जा सकता है।

घ) ऐसे शेयरधारक जिनके पास समान नामों में या संयुक्त नामों में कई फोलियों में विविध फोलियों में शेयर भौतिक रूप में रखे हैं, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे अपने शेयर प्रमाणपत्रों को एकल फोलियो में समेकन के लिए एसटीए को भेजें।

ङ) सेबी सूचीकरण विनियमों के विनियमन 40 के अनुसार, यथासंशोधित, सूचीबद्ध संस्थाओं की प्रतिभूतियों को, प्रतिभूतियों के ट्रांसमिशन या ट्रांस्पोजिशन हेतु प्राप्त अनुरोध के मामले को छोड़कर, 1 अप्रैल, 2019 से केवल डीमैटरियलाइज्ड रूप में स्थानांतरित किया जा सकता है। इसे देखते हुए और भौतिक शेयरों से जुड़े जोखिम को कम करने के लिए एवं पोर्टफोलियो प्रबंधन की सुगमता हेतु, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपनी होल्डिंग्स को अमूर्त रूप में परिवर्तित करने पर विचार करें। शेयरधारक इस संबंध में सहायता के लिए बैंक या बैंक के एसटीए से संपर्क कर सकते हैं।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते **पंजाब नैशनल बैंक**

(एकता पसरीचा)
कंपनी सचिव

स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 29.06.2021

9. **Other Information**

a) In compliance with the aforesaid SEBI Circular, the Annual Report for FY 2020-21 containing the Notice of the 20th Annual General Meeting (AGM) of the Bank, inter alia, indicating the process and manner of e-voting etc. is being sent only in electronic mode to all the shareholders whose email IDs are registered with the STA i.e. "Beetal Financial & Computer Services (P) Limited" / Depository Participant(s).

b) Shareholders may also note that the Notice of the AGM and the Annual Report for FY 2020-21 is also being made available on the Bank's website www.pnbindia.in, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively, and on the website of NSDL i.e. www.evoting.nsdl.com

c) In view of the 'Green Initiatives' undertaken by the Bank, shareholders are requested to get their Email ids registered with their respective Depository Participant in case of shares held in demat form and with the Bank's STA in case of shares held in physical form (email id: beetal@beetalfinancial.com). Further, in case of changes, if any, pertaining to their name, postal address, email address, telephone/mobile numbers, Permanent Account Number (PAN), mandates, nominations, bank details such as, name of the bank and branch details, bank account number, MICR code, IFSC code, etc., the same may be intimated to their DPs in case the shares are held by them in electronic form and to the STA in case the shares are held by them in physical form.

d) Shareholders who hold shares in physical form in multiple folios in identical names or joint names in the same order of names are requested to send their share certificates to the STA for consolidation into a single folio.

e) As per Regulation 40 of SEBI Listing Regulations, as amended, securities of listed entities can be transferred only in dematerialized form with effect from, 01st April, 2019, except in case of request received for transmission or transposition of securities. In view of this and to mitigate the risk associated with physical shares and for ease of portfolio management, shareholders holding shares in physical form are requested to consider converting their holdings to dematerialized form. Shareholders can contact the Bank or STA for assistance in this regard.

By order of the Board of Directors
for **PUNJAB NATIONAL BANK**

(Ekta Pasricha)
Company Secretary

Place: New Delhi
Date: 29.06.2021

निदेशक रिपोर्ट

Director's Report

#JustOneApp

प्रगति एक नजर में PROGRESS AT A GLANCE							
							(₹ करोड़ में) (₹ crore)
क्र. सं. S. No	पैरामीटर PARAMETERS	स्टैंडअलोन पीएनबी Standalone PNB #					समामेलित पीएनबी Amalgamated PNB
		वित्त वर्ष16 FY'16	वित्त वर्ष17 FY'17	वित्त वर्ष18 FY'18	वित्त वर्ष19 FY'19	वित्त वर्ष20 FY'20	वित्त वर्ष21 FY'21
1	शेयर पूंजी Share Capital	393	426	552	921	1348	2096
2	आरक्षित निधियां एवं अधिशेष Reserves & Surplus	37917	41672	40522	43866	61010	88842
3	जमाराशियां Deposits	553051	621704	642226	676030	703846	1106332
4	निवल अग्रिम Net Advances	412326	419493	433735	458249	471828	674230
5	कुल आस्तियां Total Assets	667390	720331	765830	774949	830666	1260633
6	निवेश Investment	157846	186725	200306	202128	240466	392983
7	शाखाएं (संख्या) Branches (Number)	6759	6937	6982	6989	7040	10769
8	एटीएम नेटवर्क (संख्या) ATM Network (Number)	9463	10681	9668	9255	9168	13781
9	कारोबार प्रतिनिधियों (बीसी) (संख्या) Business Correspondents (BCs) (Number)	7996	8091	8044	8143	7500	12518
10	परिचालन लाभ Operating Profit	11339	14565	10294	12995	14739	22980
11	कुल प्रावधान Total Provisions	15313	13240	22576	22971	14402	20958
12	निवल लाभ Net Profit	-3974	1325	-12282	-9975	336	2022
13	कारोबार/कर्मचारी (₹ लाख में) Business/Employee (₹ lakh)	1359	1417	1473	1680	1821	1885
14	जमा राशि की वैश्विक लागत (%) Global Cost of Deposit (%)	5.85	5.33	4.96	5.14	5.16	4.44
15	वैश्विक अग्रिमों पर आय (%) Global Yield on Advances (%)	9.10	8.29	7.49	7.72	7.82	7.53
16	वैश्विक निवेश पर आय (%) Global Yield on Investment (%)	7.94	7.69	7.35	7.41	7.13	6.46
17	वैश्विक निवल ब्याज मार्जिन (%) Global Net Interest Margin (%)	2.60	2.38	2.16	2.41	2.30	2.88
18	आस्तियों पर प्रतिफल (%) Return on Assets (%)	-0.61	0.19	-1.60	-1.25	0.04	0.15
19	लागत आय अनुपात (%) Cost to Income Ratio (%)	46.79	39.17	56.75	47.03	44.82	46.91
20	सकल एनपीए (%) Gross NPAs (%)	12.90	12.53	18.38	15.50	14.21	14.12
21	निवल एनपीए (%) Net NPAs (%)	8.61	7.81	11.24	6.56	5.78	5.73
22	पूंजी पर्याप्तता अनुपात (बेसल III) (%) Capital Adequacy Ratio (Basel III) (%)	11.28	11.66	9.20	9.73	14.14	14.32

#आंकड़े पूर्व-समामेलन अवधि के लिए स्टैंडअलोन पंजाब नैशनल बैंक वित्तीय परिणामों से संबंधित हैं, इसलिए 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए समामेलन पश्चात् वित्तीय परिणामों के साथ तुलनीय नहीं है।

#Figures are related to standalone Punjab National Bank Financial results for pre- amalgamation period, hence not comparable with post amalgamation financial results for the year ended March 31, 2021.

प्रमुख वित्तीय स्थिति
KEY FINANCIAL POSITION

समामेलित पीएनबी से संबंधित मार्च 2021 के आकड़े
MARCH 2021 FIGURES PERTAIN TO AMALGAMATED PNB







परिचालन लाभ (₹ करोड़)
Operating Profit (Rs. Crore)



वैश्विक निवल ब्याज मार्जिन {एनआईएम} (%)
Global Net Interest Margin {NIM} (%)



पूंजी पर्याप्तता अनुपात (%)
Capital Adequacy Ratio (%)



निदेशक रिपोर्ट 2020-21

पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, अपनी अंतर्निहित शक्ति और 126 वर्षों के बैंकिंग अनुभव की मदद से उत्कृष्टता की ओर अपनी यात्रा जारी रखी। संक्रमण की नई लहरों और कोविड-19 के म्युटेंट स्ट्रेंस की वजह से वैश्विक आर्थिक संभावना अनिश्चितता से भरी हुई थी। सकारात्मक वृद्धि प्राप्त करने के पश्चात् भारतीय अर्थव्यवस्था को महामारी की दूसरी लहर के कारण नई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अभूतपूर्व परिस्थिति के बावजूद, बैंक ने अपने ग्राहकों को लगातार बैंकिंग सेवाएं प्रदान कीं और नए उभरते परिदृश्य के अनुकूल होने के लिए स्वयं को लगातार नए रूप में प्रस्तुत किया। वित्तीय वर्ष के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन की मुख्य विशेषताएं मजबूत संगठन संरचना, लाभप्रदता और पूंजीगत स्थिति में सुधार हैं। वर्टिकलाइज्ड, ग्राहक केंद्रित और डिजिटल ऋण वितरण मॉडल के साथ नई संगठनात्मक संरचना ने हामीदारी ऋण, दक्षता और टर्नअराउंड समय में सुधार किया है। समामेलन के तहत व्यवसाय, मानव संसाधन और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) का एकीकरण पूरा करने के पश्चात्, बैंक का प्रयास व्यवसाय को बेहतर बनाने पर अधिक बल देना है।

वर्ष के दौरान, पीएनबी, ग्राहक सेवा को प्रभावित किए बिना ईओबीसी तथा ईयूएनआई का सीबीएस माइग्रेशन करने वाला समामेलित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में पहला बैंक है। जबकि समामेलन के कारण सहक्रियताओं को महसूस किया जा रहा है, बैंक ने बदलते वित्तीय माहौल और ग्राहकों की जरूरतों को संरेखित करने के लिए कई नई पहल कीं।

मार्च, 2021 के अंत में, रु.7,39,407 करोड़ के सकल वैश्विक अग्रिम तथा रु.11,06,332 करोड़ सकल वैश्विक जमा के साथ बैंक का सकल वैश्विक व्यवसाय रु.18,45,739 करोड़ रहा। चालू तथा बचत जमा राशि (कासा), 45.5 प्रतिशत के घरेलू कासा शेयर के साथ रु.4,92,782 करोड़ रहा। इसके अतिरिक्त, बैंक का परिचालन लाभ वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए रु.2022 करोड़ के निवल लाभ के साथ रु.22,980 करोड़ था। 31 मार्च, 2021 के अंत में, सकल अनर्जक आस्ति (जीएनपीए) अनुपात 14.12 प्रतिशत तथा निवल एनपीए अनुपात 5.73 प्रतिशत रहा। जबकि वैश्विक निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वित्तीय वर्ष 21 में 2.88 प्रतिशत रहा, जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात सुखद रूप से 14.32 प्रतिशत था।

बैंक की विविध उपलब्धियों को विभिन्न प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर स्वीकार किया गया है। अन्य पुरस्कारों के साथ, आपके बैंक को ईटी-बीएफएसआई एक्सीलेंस अवार्ड 2020 श्रेणी में "मोस्ट इनोवेटिव पब्लिक सेक्टर बैंक ऑफ द इयर" घोषित किया गया। पीएनबी आईबीए बैंकिंग टेक्नोलॉजी अवार्ड्स 2019-20 श्रेणी में संयुक्त रनर अप रहा तथा 'बेस्ट डिजिटल फाइनेंसियल इन्क्ल्यूजन इनिशिएटिव' तथा 'बेस्ट आईटी रिस्क एंड साइबर सिक्योरिटी इनिशिएटिव' की श्रेणी के तहत् पुरस्कार प्राप्त किए। बैंक ने इन्हैन्स्ट एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेन्स (ईज) 2.0 इंडेक्स में भी समस्त पीएसबी के मध्य चौथा स्थान प्राप्त किया था एवं विभिन्न विषयों में समस्त पीएसयू बैंकों के मध्य सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त किए।

"इस पृष्ठभूमि में, आपके निदेशकगण 31 मार्च 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष (वित्तीय वर्ष 2020-21) हेतु बैंक की वार्षिक रिपोर्ट और इसके लेखापरीक्षित वार्षिक वित्तीय विवरण सहर्ष आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं।"

<u>हमारा प्रदर्शन</u>

क. वित्तीय प्रदर्शन

आस्तियाँ और देयताएं

31 मार्च 2021 को बैंक की कुल आस्तियां रु.12,60,633 करोड़ रही। जबकि निवल अग्रिम रु.6,74,230 करोड़ रहा, निवेश रु.3,92,983 करोड़ रहा।

DIRECTORS' REPORT 2020- 21

During the Financial Year (FY) 2020-21, Punjab National Bank (PNB) continued its journey towards excellence backed by its inherent strengths and 126 years of banking experience. The global economic outlook was shrouded with uncertainty in view of the new waves of infections and mutant strains of COVID-19. The Indian economy, after having regained positive growth, faced renewed challenges on account of the second wave of the pandemic. Despite the unprecedented situation, Bank continuously rendered banking services to its customers and continuously reinvented itself to adapt to the new emerging landscape. The highlights of the performance during the financial year are strengthened organization structure, profitability and the improved capital position. The revamped organizational structure, along with the verticalized, customer centric & digital credit delivery model has improved credit underwriting, efficiency and turnaround time (TAT). Having completed Business, Human Resource and Information Technology (IT) integration under amalgamation, Bank's endeavor is to provide greater thrust towards improving business.

During the year, PNB was one of the first among amalgamated Public Sector Banks (PSBs) to carry out CBS migration of the eOBC and eUBI without affecting customer services. While the synergies out of amalgamation are being realized, Bank under took various new initiatives to transform and align with the changing financial environment and customer needs.

As at the end of March, 2021, Bank's Gross Global Business stood at Rs. 18,45,739 Crore with Gross Global Advances at Rs. 7,39,407 Crore and Gross Global Deposit at Rs. 11,06,332 Crore. Current and Saving Deposits (CASA) was at Rs. 4,92,782 Crore with domestic CASA share at 45.5 per cent. In addition, Bank's Operating Profit was at Rs. 22,980 Crore with the Net Profit of Rs. 2022 Crore for the FY 2020-21. As at the end of 31st March, 2021, Gross Non Performing Assets (GNPA) ratio stood at 14.12 per cent and Net NPA ratio was at 5.73 per cent. While Global Net Interest Margin (NIM) was at 2.88 per cent in FY21, Capital to Risk Weighted Assets ratio (CRAR) was comfortable at 14.32 per cent.

Bank's manifold achievements have been acknowledged at diverse prestigious national and international platforms. Among other accolades, your Bank was adjudged as the "Most Innovative Public Sector Bank of the year" in the ET-BFSI Excellence awards 2020. PNB was Joint runner-up in the IBA Banking technology Awards 2019-20 and received awards under categories of 'Best Digital Financial Inclusion Initiatives' and 'Best IT Risk & Cyber Security initiatives'. Bank also secured overall 4th Place among all PSBs in Enhanced Access & Service Excellence (EASE) 2.0 index and got highest number of awards amongst all PSU Banks in different themes.

"Against this backdrop, your Directors have pleasure in presenting the Annual Report of your Bank for the year ended 31st March, 2021 (FY 2020-21) along with its audited Annual Financial Statements".

<u>OUR PERFORMANCE</u>

A. FINANCIAL PERFORMANCE

Assets and Liabilities

Total Assets of the Bank was at Rs. 12,60,633 Crore as at 31st March, 2021. While the Net Advances stood at Rs. 6,74,230 Crore, Investment was at Rs. 3,92,983 Crore.

31 मार्च 2021 को देयताओं में, जमाराशियां रु.11,06,332 करोड़ रहीं जबकि उधार राशियाँ रु.42,840 करोड़ रहीं।

निवल ब्याज आय

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान आपके बैंक की निवल ब्याज आय रु.30,477 करोड़ रही। जबकि ब्याज आय रु.80,750 करोड़ रही, ब्याज व्यय रु.50,273 करोड़ रही।

परिचालन लाभ

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान आपके बैंक का परिचालन लाभ रु.22,980 करोड़ रहा। जबकि वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान कुल आय रु.93,562 करोड़ रही, वित्तीय वर्ष 2020-21 में कुल व्यय रु.70,582 करोड़ रहे।

निवल लाभ

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में रु.2022 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

प्रावधान और आकस्मिकताएँ

वित्तीय वर्ष 2020-21 में एनपीए हेतु रु. 17,060 करोड़ के प्रावधान के साथ बैंक का किया गया कुल प्रावधान रु. 20,959 करोड़ था। 31 मार्च, 2021 को बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडब्ल्यूओ सहित) 80.14 प्रतिशत रहा तथा बिना टीडब्ल्यूओ के पीसीआर 63.06 प्रतिशत रहा।

ख. परिचालन संबंधी प्रमुख बिंदु:

वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक की कुछ परिचालनात्मक विशेषताएं नीचे सूचीबद्ध हैं:

वित्तीय

- बैंक का वैश्विक कारोबार 31 मार्च, 2021 में रु.1845739 करोड़ तक पहुँच गया, जो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में द्वितीय सर्वाधिक राशि थी।
- रु.4,92,782 करोड़ की कासा जमा राशि भी, घरेलू जमाराशियों में 45.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में द्वितीय सर्वाधिक जमाराशि बनी रही।
- बचत जमाराशि मार्च' 21 को बढ़कर रु.4,17,236 करोड़ हो गई। खुदरा सावधि जमाराशि 31 मार्च, 2021 को रु.5,05,975 करोड़ रही।
- 31 मार्च, 2021 को कोर खुदरा ऋण रु.1,13,047 करोड़ रहा। मार्च'21 में एमएसएमई ऋण बढ़कर रु.1,25,966 करोड़ हो गया।
- आय लागत अनुपात वित्तीय वर्ष 21 में बढ़कर 46.91 प्रतिशत हो गया।

पूंजी

बेहतर लाभप्रदता के साथ बैंक द्वारा पूंजी जुटाने के कारण वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक की पूंजी पर्याप्तता में सुधार हुआ। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, बैंक ने क्यूआईपी के माध्यम से रु.3,788 करोड़, टियर- II बांड के माध्यम से रु.3,994 करोड़ तथा एटी-1 बांड के माध्यम से रु.495 करोड़ जुटाई है। इसके अतिरिक्त, बैंक ने 15 मई, 2021 को क्यूआईपी के माध्यम से रु.1800 करोड़ की इक्विटी भी जुटाई है। बैंक ने कम जोखिम प्रोफाइल तथा बेहतर रेटिंग वाले उधारकर्ताओं को लक्षित करके सतत व्यापार वृद्धि पर अपना ध्यान केंद्रित करना जारी रखा। आगे बढ़ते हुए, अर्थव्यवस्था की बढ़ती ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक रणनीतिक रूप से अच्छी स्थिति में है।

On the Liabilities side, Deposits stood at Rs. 11,06,332 Crore while the Borrowings was at Rs 42,840 Crore as on 31st March, 2021.

Net Interest Income

The Net Interest Income of your Bank stood at Rs. 30,477 Crore during FY 2020-21. While Interest Income stood at Rs. 80,750 Crore, Interest Expenses was at Rs. 50,273 Crore.

Operating Profit

Operating Profit of your Bank during the FY 2020-21 stood at Rs. 22,980 Crore. While the total Income stood at Rs.93,562 Crore during FY 2020-21, total Expenses was Rs. 70,582 Crore in FY 2020-21.

Net Profit

Bank has earned a Net Profit of Rs. 2022 Crore in FY 2020-21.

Provisions and Contingencies

Total provisions made during FY 2020-21 were at Rs. 20,959 Crore with Provision for NPA at Rs 17,060 Crore. Provision Coverage Ratio (incl. TWO) of the Bank was at a robust 80.14 per cent as at 31st March, 2021 and PCR without TWO was at 63.06 percent.

B. OPERATIONAL HIGHLIGHTS

Some of the operational highlights of the Bank during FY 2020-21 are listed below:

Financial

- Bank's Global Business reached the mark of Rs.18,45,739 Crore in 31st March, 2021, which was second highest amount among Public Sector Banks (PSBs).
- CASA Deposits at Rs. 4,92,782 Crore also remained second highest amongst PSBs with 45.5 per cent share in Domestic Deposits.
- Savings Deposit grew to Rs. 4,17,236 Crore as on March' 21. Retail Term Deposit was at Rs. 5,05,975 Crore as on 31st March'21.
- Core Retail Loans stood at Rs. 1,13,047 Crore as on 31st March'21. MSME loan grew to Rs. 1,25,966 Crore in March'21.
- Cost to Income Ratio improved to 46.91 per cent in FY21.

Capital

The capital adequacy of the Bank improved during the financial year on account of capital raising by the Bank coupled with improved profitability. During FY 2020-21, Bank has raised equity of Rs. 3,788 Crore through QIP, Rs. 3,994 Crore through Tier -II Bonds and Rs 495 Crore through AT-1 Bonds. Further, Bank has also raised equity of Rs. 1800 Crore through QIP on 15th May, 2021. The Bank continued with its focus on sustainable business growth by targeting better rated borrowers with low risk profile. Going forward, the Bank is strategically well placed to meet the growing credit needs of the economy.

मुख्य बिंदु:

- 31 मार्च 2021 को बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात क्यूआईपी के माध्यम से रु.3,788 करोड़ जुटाने के साथ 14.32% रहा, जिसमें टियर-1 पूंजी 11.50% तथा टियर-1 सामान्य इक्विटी (सीईटी-1) 10.62% रहा।
- बैंक ने वर्ष के दौरान रु. 3,994 करोड़ के टीयर - II बांड जुटाए और 31 मार्च, 2021 को टीयर II पूंजी 2.82% रही।
- बेहतर मूल्यांकित खातों पर ध्यान केन्द्रित करने तथा बैंक की पोर्टफोलियो का मंथन करने के कारण मार्च 2021 में बैंक की ऋण जोखिम भारित आस्तियाँ (आरडब्ल्यूए) रु.4,90,310 करोड़ रहीं।

समामेलन के तहत सहक्रियता

i) **सभी उत्पादों और प्रक्रियाओं का सामंजस्य:** व्यावसायिक हितों के साथ-साथ ग्राहकों और कर्मचारियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, पीएनबी, पूर्ववर्ती ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स (ओबीसी) और पूर्ववर्ती यनाइटेड बैंक ऑफ इडिया (यूएनआई) के सभी उत्पादों, नीतियों और प्रक्रियाओं में सामंजस्य स्थापित किया गया है तथा तीनों बैंकों के सर्वोत्तम उत्पादों और नीतियों को अपनाया गया है और इस संबंध में अपने कर्मचारियों और ग्राहकों को सूचित किया गया है। समामेलित बैंक के लिए जहां कहीं भी ब्याज दर और सेवा प्रभारों में परिवर्तन हुआ है, उसके संबंध में समस्त ग्राहकों को समय से पूर्व ही सूचित कर दिया गया था।

ii) **भुगतान प्रणालियों का एकीकरण:** कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस), ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) स्विच, डेबिट कार्ड प्रबंधन, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई), नैशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी)/रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) इंटरफेस, तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) स्विच, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) मॉड्यूल, स्विफ्ट मॉड्यूल जैसी सभी प्रमुख भुगतान प्रणालियों का एकीकरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। ईओबीसी और ईयूएनआई के एटीएम, बीएनए का पीएनबी नेटवर्क में माइग्रेशन का कार्य भी पूरा हो गया है।

iii) **अन्य सभी एप्लीकेशन का डेटा एकीकरण/माइग्रेशन:** सभी प्रमुख एप्लीकेशन-प्रणालियों और नेटवर्किंग का एकीकरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। बैंक समामेलित इकाई में चिह्नित एक जैसे एप्लीकेशन के माइग्रेशन के लिए प्रक्रियारत है।

iv) **मानव संसाधान (एचआर) एकीकरण:** पीएनबी में ईओबीसी तथा ईयूएनआई के समामेलन को एक वर्ष पूरा हो चुका है। इस वर्ष के दौरान, बैंक ने "तीनों में से सर्वोत्तम" सिद्धांत के आधार पर अपने समस्त स्टाफ वेलफेयर और लाभ संबंधी योजनाओं की समीक्षा की है तथा उनमें सामंजस्य स्थापित किया है एवं बैंक की व्यावसायिक रणनीति के साथ मानव संसाधान को संरेखित किया है ताकि बेहतर प्रदर्शन तथा कर्मचारियों की संतुष्टि को बढ़ावा दिया जा सके। बैंक ने भर्ती में कमी करके अपेक्षित मानव संसाधन सहक्रियाओं को वास्तविक रूप देना शुरू कर दिया है।

Key Highlights

- The Capital Adequacy ratio of the Bank stood at 14.32 per cent, as of 31st March, 2021, with Tier-1 capital at 11.50 per cent and Common Equity Tier-1 (CET-1) at 10.62 percent, with raising of Rs. 3,788 Crore through QIP.
- Bank raised Tier-II Bonds of Rs.3,994 Crore during the year and Tier II capital stood at 2.82 per cent as on 31st March, 2021.
- The Credit Risk Weighted Assets (RWA) of the Bank were optimized to Rs. 4,90,310 Crore in March 2021 on account of focus on better rated accounts and churning of portfolio of the Bank.

Synergies under Amalgamation

i) **Harmonisation of all products and processes:** All the products, policies and processes across PNB, erstwhile Oriental Bank of Commerce (eOBC) and United Bank of India (eUNI) have been harmonized and the best products and policies across the three banks have been adopted taking into account customer and employee needs along with the business interests and communicated to its employees and customers. Change in Rate of Interest and Service charges, wherever affected for the Amalgamated Bank were communicated to all the customers well before time.

ii) **Integration of the payment systems:** Integration of all major payment systems like Core banking Solution (CBS), Automated Teller Machine (ATM) switch, Debit Card Management, Internet Banking, Mobile Banking, Unified payment Interface (UPI), National Electronic fund Transfer (NEFT)/ Real Time gross Settlement (RTGS) interface, Immediate Payment Service (IMPS) switch, Public Financial Management System (PFMS) Module, SWIFT Module has been successfully completed. Migration of ATMs, BNAs of eOBC & eUNI to PNB Network has also been completed.

iii) **Data integration / migration of all other applications:** Integration of all major applications/ systems and networking has been successfully completed. Bank is in process of migration of identified surround applications in amalgamated entity.

iv) **Human Resource (HR) Integration:** The amalgamation of eOBC and eUNI into PNB has completed one year. During the course of this year, the Bank has reviewed and harmonized all of its staff welfare and benefit schemes based on the "Best of three" principle and aligned HR with the business strategy of the Bank to boost performance and enhance the satisfaction of the employees. Bank has started to realize the expected HR synergies by way of reduction in recruitments.

v) **समामेलन से अन्य सहक्रियाएं:** बैंक ने सहक्रिया लाभ हेतु शाखा/एटीएम युक्तिकरण, कर्मचारियों की विक्रय में पुनः तैनाती, पहचान किए गए परिसरों का विक्रय, सामंजस्यपूर्ण प्रक्रियाओं के कारण उत्पन्न होने वाली आईटी लागत में बचत आदि जैसे विभिन्न परिचालन संवर्गो की पहचान की है। बैंक ने चिह्नित क्षेत्रों में तालमेल के लिए कार्यान्वयन शुरू कर दिया है।

प्रमुख पहलें:

संगठनात्मक संरचना का पुनर्निर्माण: कुशल ऋण वितरण, बेहतर हामीदारी ऋण प्रदान करने तथा टर्न अराउंड़ समय (टीएटी)के लिए विभिन्न व्यावसायिक वर्टिकल्स के गठन के साथ-साथ अपनी संगठनात्मक संरचना का पुनर्निर्माण किया है। पुनर्गठित संरचना 01 जुलाई, 2020 से तीनों बैंकों के साथ शुरू हो गई है, जो एक एकल इकाई के रूप में कार्य कर रही है। इस संरचना का स्तर शाखा, मंडल, अंचल और प्रधान कार्यालय के रूप में चार टियर का ही रहेगा, कुछ नए वर्टिकल भी बनाए गए हैं। बैंक की पुनर्गठित संरचना को निम्नलिखित भागों में विभाजित किया गया है:

- प्रधान कार्यालय में व्यवसाय/सहयोग/नियंत्रण वर्टिकल
- अंचल कार्यालय
- अंचल लेखा परीक्षा कार्यालय
- मंडल कार्यालय
- सामान्य बैंकिंग शाखाएं, पीएनबी ऋण केंद्र (पीएलपी), मिड कॉर्पोरेट केंद्र (एमसीसी), वृहत् कॉर्पोरेट शाखाएँ (एलसीबी)/ अति वृहत् कॉर्पोरेट शाखाएँ (ई-एलसीबी)

नए संगठनात्मक ढांचे के तहत वर्टिकलाइज्ड ऋण वितरण मॉडल: दक्षता और टीएटी में सुधार के लिए ऋण हामीदारी मॉडल को नया रूप दिया गया है:

वर्टिकल का प्रकार	परिभाषा
अति वृहत् कॉर्पोरेट शाखाएँ/ वृहत् कॉर्पोरेट शाखाएँ (ईएलसीबी/एलसीबी)	संपूर्ण शाखा, विशेष रूप से रु.50 करोड़ से अधिक के कॉर्पोरेट ऋण खातों को सँभालने के लिए विशेष रूप से निर्धारित (ईएलसीबी को रु.500 करोड से अधिक के खाते संभालने हैं)
113 मिड कॉर्पोरेट केंद्र (एमसीसी)	रु.1 करोड से अधिक तथा रु. 50 करोड़ तक की राशि के ऋण, कॉर्पोरेट, कृषि और एमएसएमई खातों की पूर्व-स्वीकृति मूल्यांकन का कार्य तथा की स्वीकृति पश्चात् निगरानी, के लिए संसाधन केंद्र।
135 पीएनबी ऋण केंद्र (आरएएम/आईआरएएम)	रु.10 लाख से अधिक तथा रु. 1 करोड़ तक की राशि के ऋण, कॉर्पोरेट, खुदरा, एमएसएमई तथा कृषि खातों की पूर्व-स्वीकृति अनुमोदन के लिए संसाधन केंद्र।

v) **Other Synergies from amalgamation:** Bank has identified different operating segments like Branch/ ATM rationalization, Redeployment of staff to sales, Sale of identified premises, Savings in IT cost arising due to harmonized processes etc. for synergy benefits. Bank has initiated implementation for realization of synergy in the identified areas.

Major Initiatives:

Revamping of Organizational Structure: Bank has revamped its organization structure along with formation of various business verticals for efficient credit delivery, improved credit underwriting and Turnaround Time (TAT). Rollout of the revamped structure has been made with effect from 1st July, 2020 with the three Banks functioning as a single unit. While the layering structure continue to be four tiered involving Branch, Circle, Zone and Head Office, some new verticals have also been formed. The revamped structure of Bank is segmented into:

- Business/Support/Control Verticals at Head Office
- Zonal Offices
- Zonal Audit Offices
- Circle Offices
- General Banking Branches, PNB Loan Points(PLPs), Mid Corporate Centre (MCC), Large Corporate Branches (LCB) / Extra Large Corporate Branches (e-LCB)

Verticalized Credit Delivery Model under new Organizational Structure: Credit Underwriting Model has been revamped to improve efficiency and TAT:

Type of Vertical	Definition
Extra Large Corporate Branches/ Large Corporate Branches (ELCB/LCB)	Complete Branch, specifically designed to handle Corporate Credit Accounts above Rs. 50 Crore (ELCBs to handle above Rs. 500 Crore).
113 Mid Corporate Centers (MCC)	Processing Centers for Credit, handling Pre-Sanction Appraisal and Post Sanction Monitoring of Corporate, Agriculture & MSME Accounts above Rs. 1 Crore and upto Rs. 50 Crore.
135 PNB Loan Point (RAM/iRAM)	Processing Centers for Credit, handling Pre-Sanction Appraisal of Retail, Corporate MSME & Agriculture Accounts above Rs. 10 Lakh and upto Rs. 1 Crore.

बैंक ने व्यवसाय/सहयोग वर्टिकल का निम्नानुसार पुनर्निर्माण किया है:

वर्टिकल	कार्य क्षेत्र
वसूली, समाधान, एनसीएलटी तथा विधिक केंद्र (सस्त्र)	दक्षता में सुधार करना तथा वसूली कार्रवाई में टीएटी को कम करना
24 अंचल जोखिम प्रबन्धन केंद्र (जेडआरएमसी)	जोखिम विश्लेषण (रेटिंग तथा परिचालन जोखिम) - स्वतंत्र जोखिम वर्टिकल द्वारा (रु.10 करोड़ तक की रेटिंग का जोखिम मूल्यांकन) प्रक्रिया का विभाजन तथा उसे मजबूत बनाना।
कासा बैक ऑफिस	खाता खोलना
सरकारी कारोबार वर्टिकल (जीबीवी)	सरकारी कारोबार का अर्जन
ग्राहक अर्जन केंद्र (सीएसी)	संस्थागत व्यवसाय अर्जित करना - कॉर्पोरेट, संस्थानों, एचएनआई तथा एनआरआई से देनदारी व्यवसाय पर ध्यान देना
व्यापार वित्त केंद्र (टीएफसी)	अंतर्राष्ट्रीय व्यापार वित्त तथा जावक विप्रेषण

ए. **कार्यशैली का एकीकरण:** संगठनों के समामेलन में प्रगतिशील सहक्रियाओं को प्राप्त करने में कार्यशैली का एकीकरण और उनमें भिन्नताओं का प्रबंधन प्रमुख चुनौतियां हैं। समामेलन के पश्चात् बैंक पीएनबी 2.0 में कार्य करने हेतु बेहतर वातावरण बनाने और तीनों बैंकों की कार्यशैली के सुचारू एकीकरण हेतु प्रतिबद्ध है। इसे ध्यान में रखते हुए, बैंक ने कार्यशैली एकीकरण कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यप्रणाली एकीकरण योजना के पीछे मुख्य उद्देश्य कर्मचारी की अपेक्षाओं के साथ एकीकृत संस्था के रणनीतिक बदलाव को संरेखित करना है, जो आगे सहक्रिया लाभ प्राप्त करने में मददगार होगा। कार्यशैली एकीकरण प्रक्रिया में बैंक ने संगठन के प्रत्येक स्तर को शामिल किया है ताकि बैंक की कार्यशैली को कर्मचारियों की अपेक्षाओं के अनुरूप बनाया जा सके।

बी. **मानव संसाधन में की गई तकनीकी पहल:** बैंक ने अपने 1,00,000+ कर्मचारियों के समृद्ध प्रतिभा समूह की सुगमता बढ़ाने और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए अपनी मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) को सफलतापूर्वक एकीकृत कर लिया है। वर्ष के दौरान, बैंक ने बेहतर तरीके से योजना बनाने, निगरानी करने और प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए, समामेलित संस्था के अधिकारियों हेतु अपनी डिजिटल कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) क्रियान्वित कर दी है ताकि उनकी क्षमता को उभारा जा सके तथा उनकी दक्षता एवं प्रभावशीलता को बेहतर बनाया जा सके।

सी. **शिक्षण एवं विकास:** बैंक का हमेशा विश्वास रहा है कि मानव पूंजी को सही आकार देने एवं उसे रूपांतरित करने में शिक्षण तथा विकास महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीखने, भूलने और पुन: सीखने में मानव पूंजी की तत्परता किसी भी संगठन की सफलता में निर्णायक भूमिका निभाती है। कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने कार्यस्थल प्रशिक्षण का स्वरुप बदल दिया

Bank has revamped Business/Support vertical as under:

Vertical	Catering Segment
Recovery, Resolution, NCLT & Legal Centre (SASTRA)	Improve efficiency and reduce TAT in Recovery actions
24 Zonal Risk Management Centre (ZRMC)	Risk Analysis (Rating & Operations Risk)- Independent risk vertical to segregate and strengthen Risk Assessment processes (approval of rating upto Rs. 10 Crore).
CASA Back Office	Account Opening
Government Business Vertical (GBV)	Acquiring of Government Business
Customer Acquisition Centre (CAC)	Acquiring of Institutional Business - Focuses on liabilities business from Corporates, Institutions, HNIs, and NRIs
Trade Finance Centre (TFC)	International Trade Finance & Outward Remittance

a) **Cultural Integration:** Cultural integration and managing cultural differences are major challenges in achieving the progressive synergies in amalgamation of the organizations. Post amalgamation the Bank is committed towards nurturing work environment and smooth integration of culture of all three banks in PNB 2.0. In view of the same, Bank initiated Cultural Integration Program. Main purpose behind the Cultural Integration plan is to align the strategic shifts of the amalgamated entity with employee's expectations, which will further help in realizing synergy benefits. In Cultural Integration process the bank has included each layer of the organization so that Bank's culture can be derived as per the employee's aspirations.

b) **Technological Initiatives in HR:** Bank has successfully integrated its Human Resources Management System (HRMS) for enhancing ease of access & extending guidance to its rich talent pool of 1,00,000+ employees. During the year, Bank has implemented its digital Performance Management System (PMS) for officers of the amalgamated entity for better planning, monitoring & evaluating the performance to unlock their potential and improve their efficiency and effectiveness.

c) **Learning & Development:** Bank has always believed that learning and development plays an important role in shaping and transforming the human capital. Agility of the human capital in learning, unlearning and relearning plays a decisive role in any organization's success. In view of the Covid-19 pandemic, Bank has changed the workplace learning and has shifted from classroom trainings and imparted training

है तथा कक्षा प्रशिक्षण को बदल दिया है एवं मौजूदा कक्षा सामग्री को बेजोड़ गति, स्तर और गुणवत्ता वाले तीव्र ई-लर्निंग समाधान में बदलकर वर्चुअल माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया है।

डी. **करियर में प्रगति:** बैंक ने निर्बाध बैंकिंग परिचालन सुनिश्चित करने के लिए पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाई और वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए प्रक्रिया मार्च 2021 से पूर्व संपन्न कर ली। इसके अलावा, बैंक अपने कर्मचारियों की आकांक्षाओं को पूरा करने और बैंक की व्यावसायिक जरूरतों के साथ तालमेल बिठाने के लिए अपनी नीतियों को लगातार अद्यतित कर रहा है। वर्ष के दौरान, बैंक ने मानव संसाधन की विभिन्न नीतियों को अद्यतित किया है, जैसे; पदोन्नति नीति, स्थानांतरण नीति, प्रशिक्षण नीति तथा विदेशों में स्थानापन्न नीति आदि।

ई. **कोविड-19 प्रेरित पहल:** बैंक ने अपने कर्मचारियों को सहयोग प्रदान करने के लिए घर से कार्य करने की (डब्लूएफएच) सुविधा प्रदान करने, विशेष छुट्टी की सुविधा, कोविड -19 के कारण मृत्यु के मामले में एकमुश्त मुआवजा देने आदि जैसी कई सुविधाओं की पहल की है।

एफ. **पीएनबी लेंस:** बैंक ने ऋण प्रबंधन के लिए एक आईटी आधारित समाधान शुरू किया है जिसका नाम पीएनबी लेंस - द लेंडिंग सॉल्यूशन है। यह प्रणाली सभी प्रकार के ऋणों (एमएसएमई, कृषि, और खुदरा तथा अन्य ऋण) के लिए चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही है। इसका उद्देश्य ऋण प्रसंस्करण और ऋण प्रस्तावों की मंजूरी में हामीदारी मानकों में तेजी लाना और निरंतरता बनाए रखना है।

जी. **सर्वेक्षण और फील्ड से प्रतिक्रिया प्राप्त करना:** बैंक ने समामेलन के बाद उत्पादों और प्रक्रियाओं में किए गए परिवर्तनों के प्रभाव पर कर्मचारी की उचित प्रतिक्रिया की बेहतर समझ प्राप्त करने के लिए सर्वेक्षण के माध्यम से फीडबैक/सुझाव प्राप्त करने के लिए कदम उठाए हैं। कर्मचारियों के सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर प्रक्रियाओं में आवश्यक संशोधन किए गए हैं।

अन्य प्रमुख नई पहलें :

❖ **ग्राम संपर्क अभियान** - (2 अक्टूबर 2020 को शुरू किया गया): लगभग 29973 कैंपों में वर्धित ऋण सुविधाएं, डिजिटल ऑन-बोर्डिंग और सामाजिक सुरक्षा हेतु नामांकन के लिए 11 लाख ग्राहकों से संपर्क किया गया।

❖ **विदेशी मुद्रा व्यापार की वृद्धि में तेजी लाने के लिए, बैंक ने व्यापार वित्त पुनर्परिभाषित पोर्टल लॉन्च किया।** अंतर बैंक बाजार तक सीधी पहुंच के लिए एफएक्स-रिटेल पोर्टल को भी लोकप्रिय बनाया जा रहा है।

❖ **फिनटेक पहल:** पीएनबी ने चुनौतियों का समाधान करने के लिए अनुसंधान करने और तकनीकी समाधान विकसित करने तथा बीएफएसआई समूह में अवसरों का पता लगाने हेतु फिनटेक नवोन्मेष केंद्र स्थापित करने के लिए आईआईटी कानपुर से हाथ मिलाया है।

❖ **डिजिटल अपनाएं अभियान:** 15 अगस्त, 2020 को शुरू हुआ, 83 लाख से अधिक ग्राहकों ने डिजिटल चैनल को अपनाया। 15 अगस्त, 2020 को अभियान के शुरू होने की तिथि से डिजिटल अपनाने के लिए ग्राहकों की ओर से पीएम केयर निधि में रु.4.20 करोड़ दान किए गए।

through virtual mode by converting existing classroom material into robust rapid e-learning solutions having unmatched speed, scale and quality.

d) **Career Progression:** Bank expedited the promotion exercise and completed the process for FY 2021-22 before March 2021 to ensure uninterrupted Banking operations. Furthermore, the Bank is continuously updating its policies to keep up with the aspirations of its employees and attuning it with the business needs of the Bank. During the year, the Bank has updated various HR policies such as Promotion Policy, Transfer Policy, Training Policy, and Overseas Placement Policy etc.

e) **Covid-19 induced initiatives:** Bank has taken number of initiatives like extending Work from Home (WFH) facility, introduced the facility of special leave, one time compensation in case of death due to Covid-19 etc to support its employees.

f) **PNB Lens:** Bank has launched an IT based solution for loan management christened as PNB LenS- the Lending Solution. This system is being implemented in phased manner for all kind of loans (MSME, Agriculture, and Retail & Other Credit). The objective is to speed up and maintain consistency in underwriting standards in loan processing and sanctioning of credit proposals.

g) **Surveys and Feedback from field:** The bank has initiated steps to capture feedback/suggestions, through survey, to get a better understanding of employee's honest feedback on impact of changes in products & processes made by the Bank post amalgamation. On the basis of outcomes of the employee's survey, necessary modification have been incorporated in the processes.

Other Key New Initiatives Undertaken:

❖ **Gram Sampark Abhiyan -** (Launched on 2nd October 2020): 11 Lakh customers were contacted in around 29973 camps with increased credit facilities, digital on boarding and enrolment for social security.

❖ **To accelerate the growth of forex business, Bank launched Trade Finance Redefined Portal.** Fx-Retail portal is also being popularized for direct access to Interbank market.

❖ **Fintech Initiative:** PNB joined hands with IIT Kanpur to set up Fintech Innovation Centre to conduct research and develop technological solutions for addressing the challenges & explore opportunities in BFSI gamut.

❖ **Digital Apnayen Campaign-** Launched on 15th August 2020, more than 83 Lakh customers on-boarded on digital channels. Rs 4.20 Crore donated to PM CARES Fund on behalf of customers for Digital On-boarding since launch on 15th August 2020.

❖ **पीएनबी कार्ड और सेवाएं:** बैंक के क्रेडिट कार्ड व्यवसाय से संबंधित गैर-वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए पीएनबी कार्ड और सेवाओं के नाम से बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी निगमित की गई है।

ग. आस्ति गुणवत्ता

अधिकांश अवधि के दौरान (वित्तीय वर्ष 20-21 के दौरान) कोविड -19 महामारी की स्थिति होने के बावजूद बैंक 31.03.2021 को सकल एनपीए का रु.1,04,423 करोड़ का स्तर बनाए रखने में सक्षम रहा। आस्ति गुणवत्ता में सुधार, बैंक की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक बना रहा। प्रोविजन कवरेज अनुपात (पीसीआर) 31 मार्च, 2021 को 80.14% के संतोषजनक स्तर पर बना रहा।

नकद वसूली

वित्तीय वर्ष 20-21 के लिए नकद वसूली कुल रु.11,442 करोड़ रही।

- **उन्नयन**

  वित्तीय वर्ष 20-21 के लिए अपग्रेडेशन रू.2,363 करोड़ रहा ।

- **समाधान तंत्र के माध्यम से उन्नयन**

एनपीए खातों की पुनर्रचना/समाधान करने और राष्ट्रीय कम्पनी विधि (एनसीएलटी) मामलों में वसूली के लिए विशेष रूप से समाधान कक्ष बनाया गया। इस अधिकरण के संबंध में विवरण निम्नानुसार हैं:

(राशि करोड़ रु. में)		
पुन: संचरित खाते		
कुल स्वीकृति		
	खातों की संख्या	राशि
वि.व. 2020-21	4	3119

इसके अलावा, एनसीएलटी में आईबीसी के तहत एनपीए खातों में 4,220 करोड़ रुपये की राशि वसूल की गई थी।

- **मेगा ई-नीलामी**

वित्तीय वर्ष 20-21 के दौरान 10,370 सम्पतियाँ ई-बिक्रय पोर्टल पर अपलोड की गई थी जिसमें से 1052 अचल संपत्ति (आईपी) 10.14 प्रतिशत के अच्छे दर पर सफलतापूर्वक नीलाम की गई।

- **आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी (एआरसी) को आस्तियों की बिक्री**

परिसंपत्ति पुनर्निर्माण के लिए प्रतिभूतिकरण/पुनर्निर्माण कंपनी (एससी/आरसी) को बेची गई वित्तीय परिसंपत्तियों का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रु. में)

मदें		वित्तीय वर्ष 2020-21
i.	एआरसी को बेचे गए खातों की संख्या	1
ii.	बेचे गए खातों की बकाया बही	18.31
iii.	कुल प्राप्त प्रतिफल (100 प्रतिशत नकद)	11.01

❖ **PNB Cards & Services:** A Wholly owned subsidiary of the bank namely, PNB Cards & Services has been incorporated to undertake the non financial support related to credit card business of the bank.

C. ASSET QUALITY

Despite Covid-19 scenario during most of the period (during FY 20-21), Bank is able to maintain Gross NPA at the level of Rs. 1,04,423 Crore as on 31st March 2021. Focus on asset quality continues to be one of the top priorities for the Bank. Provision Coverage Ratio (PCR) continues to satisfactory level of 80.14 per cent as on 31st March 2021.

Cash Recoveries

Total Cash Recovery for the FY 20-21 have been Rs. 11,442 Crore.

- **Upgradation**

  Upgradation for FY 20-21 have been Rs. 2,363 Crore.

- **Upgradation Through Resolution Mechanism**

The Resolution Cell was created to exclusively deal with Restructuring/Resolution of NPA accounts and recovery in National Company Law Tribunal (NCLT) cases. The details regarding the same are as under:

(Amount in Rs. Crore)		
Restructured Accounts		
Total Sanctioned		
	No. of A/c's	Amount
FY 2020-21	4	3119

Further, a sum of Rs 4,220 Crore was recovered in NPA accounts under IBC in NCLT.

- **Mega E-auctions**

During FY 20-21, 10,370 properties were uploaded on e-Bikray portal. Out of which 1052 Immovable Properties (IPs) were auctioned successfully with success rate of 10.14 per cent.

- **Sale of Assets to Asset Reconstruction Company (ARC)**

Details of financial assets sold to Securitization/ Reconstruction Company (SC/RC) for Asset Reconstruction is as under:

(Amount in Rs. Crore)

Items		FY 2020-21
i.	No. of Accounts sold to ARCs	1
ii.	Book Outstanding of Accounts Sold	18.31
iii.	Aggregate consideration received (100 per cent cash)	11.01

- **वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान आस्ति गुणवत्ता में सुधार के लिए की गई पहलें**

फील्ड पदाधिकारियों के वसूली प्रयासों का समर्थन करने के लिए, एक सामान्य वसूली पोर्टल अर्थात सस्त्रा पोर्टल शुरू किया गया है जिसमें एकबारगी निपटान (ओटीएस), वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी), ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी), राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) तथा इरादतन चूककर्ता जैसे 5 अलग-अलग मॉड्यूल हैं। इस सामान्य वसूली पोर्टल के माध्यम से, उधारकर्ता की प्रमुख वसूली कार्यों की स्थिति का पता एक ही स्थान पर लगाया जा सकता है। ओटीएस मॉड्यूल निपटान प्रस्तावों के ऑनलाइन प्रसंस्करण के लिए एक स्वचालित मंच प्रदान करता है। प्रभावी निगरानी के लिए, स्टैंडअलोन डीआरटी और सरफेसी पोर्टलों को सस्त्रा पोर्टल में अलग मॉड्यूल के रूप में पुनः कॉन्फीगर किया गया है। सभी एनसीएलटी मामलों की निगरानी एनसीएलटी मॉड्यूल के माध्यम से की जा रही है जो प्रत्येक मामले की नवीनतम स्थिति को कैप्चर करता है। बैंक के इरादतन चूककर्ता डेटाबेस को एक अलग मॉड्यूल के माध्यम से लोड किया गया है।

इसके अलावा, एनपीए खातों की प्रभावी निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए, सभी सस्त्रा केंद्रों और शाखाओं में पीएनबी प्राइड ऐप भी शुरू की गई थी। यह जियो के टैगिंग सक्षम ऐप फील्ड पदाधिकारियों के दौरा विवरण को रिकॉर्ड और दौरा अधिकारियों के दौरे के स्थान को कैप्चर करने में मदद करता है।

एनपीए खातों की वसूली के लिए विशेष वर्टिकल - संगठनात्मक पुनर्गठन के अंश के रूप में, विशेष और केंद्रित वसूली कार्यों के लिए सस्त्रा वर्टिकल नामक एक अलग वर्टिकल बनाया गया है। वर्टिकल फील्ड में विभिन्न स्तरों पर तैनात अधिकारियों के साथ काम करता है जो विशेष रूप से वसूली के लिए कार्य कर रहे हैं।

विशेष ओटीएस योजना - वर्ष के दौरान बैंक ने 5.00 करोड़ रुपये तक के बकाया खातों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया है जो एनपीए पोर्टफोलियो के सबसे बड़े हिस्से का निर्माण करता है। और अधिक वसूली के लिए बैंक ने इस हिस्से के लिए एक विशेष ओटीएस योजना शुरू की है। यह योजना चेक बॉक्स मॉडल - गैर विभेदकारी एवं गैर-विवेकाधिकार की है। इस हिस्से में त्वरित और पारदर्शी एकमुश्त निपटान के लिए फील्ड स्तर पर अधिक शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं। वित्तीय वर्ष 20-21 के दौरान, इस योजना के तहत रु० 1,346 करोड़ के बकाया वाले 54,134 एनपीए खातों के समाधान किए गए थे।

घ. सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और डिजिटलीकरण

आईटी समामेलन:

सबल राष्ट्रीय उपस्थिति और वैश्विक पहुंच के साथ "नेक्स्टजेन बैंक" बनाने के लिए 30 अगस्त, 2019 को, माननीय वित्त मंत्री ने दस सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को चार में समामेलित करने की घोषणा की। 1 अप्रैल, 2020 से भारत के दूसरे सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को जन्म देने के लिए पंजाब नैशनल बैंक के साथ ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया को सहायक बैंक के रूप में समामेलित करने की घोषणा की गई थी।

यह वह वर्ष भी था जब पूरी दुनिया कोविड -19 की चपेट में थी और उसके बाद लॉकडाउन हुआ था।

वित्तीय वर्ष 2020-21 के शुरुआती चार से पांच महीनों में, बैंक तब कोविड दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए कम संख्या में कर्मियों के साथ कामकाज कर रहा था। विक्रेता ऑफसाइट काम कर रहे थे। चुनौतियां अधिक थीं। लेकिन बैंक को विश्वास था कि वह इससे बाहर आ जाएगा।

- **Initiatives taken to Improve Asset Quality during FY 2020-21**

While the long-term implications of the pandemic for the Indian financial services sector are uncertain, when normalcy returns, there will be new lessons learnt. These include how to retain operational resilience when confronted with such future events and how to redesign new operating models such as alternate work arrangements and innovative ways to interact with customers in a remote set-up. Furthermore, the pandemic may further accelerate migration to infrastructure of the future i.e. digital channels and connectivity. Going forward, banks will have to adapt and adjust to the rapidly evolving economic landscape due to these challenges and also the entry of niche players and emerging financial technologies.

बी. अवसर

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र, जिसने देश के आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, एक ऊर्जावान और चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। भारत में बैंकिंग क्षेत्र ने स्थानीय और दूरस्थ प्रतिद्वंदियों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा और त्वरित नवीन सुधारों के बावजूद पैमाने और स्तर की किफायतों जैसे सहक्रियात्मक लाभ के लिए विलय और अधिग्रहण पर काम किया है।

पीएसबी के समामेलन ने उन्हें अपनी ब्रांड छवि को मजबूत करके और लागत तालमेल के साथ अपनी मानव संसाधन शक्ति को केंद्रित करके उन्हें मजबूत बनाया है। इसने परिचालन के दायरे का विस्तार किया है, वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाया है, उच्च सौदेबाजी शक्ति प्रदान की है, बड़े पूंजी आधार को सक्षम बनाया है और बाजार में पहुंच को बढ़ाया है। विलय किए गए बैंकों को अब दक्षता, जोखिम विविधीकरण और बड़ी परियोजनाओं को वित्तपोषण की क्षमता के मामले में सुविधा मिली है। कम लागत और सेवाओं की उच्च गुणवत्ता के परिणामस्वरूप दक्षता में वृद्धि होगी। अधिक विविध पोर्टफोलियो के साथ बड़े बैंक कम जोखिम वाले होते हैं जिसके परिणामस्वरूप आय में कम अस्थिरता होती है। नतीजतन, एक बड़े बैंक की उच्च क्रेडिट रेटिंग होती है। इसलिए, इस समेकन प्रक्रिया को 'बड़े बैंकों में सुधारो' के रूप में देखा जा सकता है।' एकीकरण प्रक्रिया लगभग पूरी होने के साथ, ये प्रमुख सहक्रियाएं और लाभ कम होने लगेंगे।

पीएसबी समामेलन घोषणाओं का उद्देश्य अशोध्य ऋण और क्षेत्रीय कारकों के आधार पर बैंकों को पूंजी का अधिक कुशलता से प्रबंधन करने में मदद करना था। हालिया विलय के बाद भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) बैंकिंग परिदृश्य पर अपना प्रभुत्व बनाए हुए हैं। वे अब भी जमाकर्ताओं से सर्वाधिक राशि जुटा रहे हैं। वे उधारकर्ताओं के विभिन्न समूहों को बड़ी मात्रा में ऋण दे रहे हैं और भारत की संपूर्ण पूंजी निर्माण प्रक्रिया और निवेश स्तर पर अपना प्रभुत्व बनाए रखने में योगदान कर रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का अग्रिमों में एक बड़ा हिस्सा होने के कारण, मांग बढ़ने पर कुल वर्धित ऋण के माध्यम से आर्थिक वृद्धि को निधि देने के लिए पूंजीगत स्थिति को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। अधिकांश बैंकों ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान महामारी से मिले आघात की स्थिति में अपने लचीलेपन में सुधार करने के लिए अग्रसक्रिय होकर अंतर्रोधी उपाय किए हैं। इसे वित्त वर्ष 2021-22 में जारी रखा जाना है। परिचालन दक्षता और ग्राहक सेवाओं को बढ़ाने के लिए शासन सुधार और कार्य योजनाएं पुनर्पूंजीकरण के अभिन्न अंग हैं।

बैंकों के लिए परिवर्तन की आवश्यकता अधिक से अधिक प्रासंगिक होती जा रही है क्योंकि समामेलन ने उनके दायरे का विस्तार किया है। साथ ही, भुगतान प्रणालियों की बात करें तो भारत अग्रणी देशों में से एक के रूप में उभरा है। भारतीय भुगतान प्रणाली की वृद्धि दर अभूतपूर्व रही है, जो हर गुजरते दिन के साथ नए रिकॉर्ड बना रही है। इस स्थिति को बनाए रखना चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों है। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी माहौल में जीवित रहने के लिए डिजिटल बैंकिंग अनिवार्य रणनीति बन गई है। डिजिटल बैंकिंग में मजबूत वृद्धि ने, बैंकों के लिए, अपने मौजूदा परिचालन को ओमनी-चैनल के रूप में बदलना और ग्राहकों को समान बैंकिंग अनुभव प्रदान करना अनिवार्य बना दिया है, चाहे वह किसी भी चैनल का हो।

आगे चलकर, बैंकों के पास अर्थव्यवस्था के पारंपरिक क्षेत्रों की जरूरतों को कम किए बिना नए उभरते क्षेत्रों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के अवसर होंगे। बैंकों को ग्रामीण क्षेत्र में संभावित व्यावसायिक अवसरों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है, जो अभी भी समर्थन देने के विभिन्न प्रयासों के बावजूद काफी हद तक अनदेखा है। स्टार्ट-अप, नवीकरणीय ऊर्जा, लोजिस्टिक, मूल्य श्रृंखला और ऐसे अन्य संभावित क्षेत्रों के वित्तपोषण में अवसर हैं।

b. Opportunities

The Indian Banking Sector, which has a crucial part in the country's economic growth, is going through an energizing and challenging stage. The banking sector in India has set out upon mergers and acquisitions to catch the synergistic advantages like economies of scale and degree, even with increasing competition from local and remote players and quick innovative improvements.

The amalgamation of PSBs has made them stronger by consolidating their brand image and concentrating their human resource power with cost synergies on the horizon. It has expanded scale of operations, enhanced global competitiveness, provided higher bargaining power, enabled larger capital base and increased market penetration. The merged Banks now have advantages in terms of efficiency, risk diversification and capacity to finance large projects. Efficiency gains will be achieved resulting from lower cost and higher quality of services. Large banks are less risky with a more diversified portfolio resulting in less volatility in earnings. Hence, this consolidation process may be correctly viewed as 'big bank reforms'. With the integration process almost complete, these key synergies and gains will start seeping in.

PSBs even after the recent mergers dominate the banking scenario. They continue to mobilize the largest amount of funds from the depositors. They continue to disburse larger amount of loan to various groups of borrowers and contribute to dominate the entire capital formation process and investment level of India. With PSBs accounting for a major share in advances, shoring up the capital position is important to fund economic growth through improved credit offtake when demand picks up. Most banks have proactively built buffers during financial year 2020-21 to improve their resilience in the face of the shock from the pandemic. This is to be continued into FY 2021-22. Governance reforms and action plans to enhance operational efficiency and customer services are integral for recapitalisation.

For banks, the need to change is getting more and more relevant as the amalgamations have expanded their scale. Also, India has emerged as one of the leaders when it comes to payment systems. The growth rate of Indian payment systems has been phenomenal, creating new records with each passing day. Sustaining this position is both challenging and exciting. Digital banking has become a must-have strategy, essential to surviving in a highly competitive environment. The strong growth in the digital banking has made it imperative for banks to transform their existing operations into an Omni-channel approach and provide the same banking experience to customers irrespective of the channel.

Going forward, banks will have opportunities to address the financing needs of new sunrise sectors without undermining the needs of traditional sectors of the economy. Banks also need to look at prospective business opportunities in the rural sector which still remains largely unexplored despite various efforts to support it. There are opportunities in financing start-ups, renewables, logistics, value chains and other such potential areas.

सी. खतरे

भारत में वित्तीय संस्थानों को वित्तीय प्रणाली की दीर्घकालिक स्थिरता को बनाए रखने के व्यापक उद्देश्य के भीतर वसूली करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। कोविड-19 की दूसरी लहर से बाधित क्षेत्रों में आस्ति गुणवत्ता पर नए दबाव पड़ने की उम्मीद है। मौजूदा महामारी संबंधी झटके से बैंकों के बैलेंस शीट पर प्रभाव पड़ने की संभावना है। अंतर्रोधी उपायों का सक्रिय निर्माण और पूंजी जुटाना, न केवल ऋण प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए बल्कि वित्तीय प्रणाली में लचीलापन बनाने के लिए भी महत्वपूर्ण होगा। ऋणों और अग्रिमों में, निजी बैंकों के बढ़ने के साथ पीएसबी की बाजार में हिस्सेदारी कम हो गई है। जमाओं के मामले में, छोटे वित्त बैंकों (एसएफबी) सहित नए बैंकों के उच्च जमा दरों की पेशकश के साथ, पीएसबी की जमाराशि शेयर पर प्रभाव देखा जा सकता है।

बढ़े हुए वित्तीय विनियमन और पर्यवेक्षण ने बैंकों के व्यापार मॉडल, विशेष रूप से सख्त पूंजी और चलनिधि आवश्यकताओं, मैक्रोप्रूडेंशियल इंस्ट्रूमेंट्स और समाधान उपायों के लिए एक चुनौती पेश की है। इन नियमों ने अधिक लचीले बैंकिंग क्षेत्र के निर्माण में योगदान दिया है, जो वर्तमान परिदृश्य में बहुत फायदेमंद है। विभिन्न वित्तीय सेवा खंडों में नए प्रकार के प्रदाताओं ('फिनटेक' और 'बिगटेक') का प्रवेश हुआ है। प्रवेशकों ने लागत कम की है और विभिन्न सेवाओं की गुणवत्ता और सुविधा के साथ-साथ सेवाओं की पहुंच में वृद्धि की है। इससे वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में मदद मिली है। घटनाक्रम बैंकों को बहुत प्रभावित करते हैं।

क्रिप्टो करेंसी, ई-वॉलेट, प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स (पीपीआई) आदि जैसी डिजिटल आस्तियों से बैंकों को भी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। आगे बढ़ते हुए, यदि नई पद्धति इन सभी डिजिटल आस्तियों के बीच तेजी से संपर्क बनाती है और वैकल्पिक भुगतान चैनलों के सहज निर्माण की अनुमति देती है, तो चुनौतियों का सामना करने के लिए बैंकों को कुछ नवोन्मेषी उत्पादों/प्रक्रियाओं के बारे में भी सोचना पड़ा है। आगे बढ़ते हुए, सुरक्षा और डेटा गोपनीयता, उपभोक्ताओं का विश्वास जीतने और डिजिटल बैंकिंग को अपनाने के लिए उत्प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं। एक समर्पित शिकायत तंत्र की आवश्यकता के साथ-साथ डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा में सुधार महत्वपूर्ण होगा।

डी. खंड-वार या उत्पाद-वार प्रदर्शन

i. संसाधन जुटाना

मार्च 2021 के अंत में, बैंक की घरेलू जमा राशियाँ बढ़कर ₹10,83,335 करोड़ हो गई। बचत जमाराशि बढ़कर ₹4,17,236 करोड़ हो गई, जबकि चालू जमाराशि बढ़कर ₹75,546 करोड़ हो गई। मार्च 2021 के अंत में, घरेलू जमा में कासा जमा का हिस्सा 45.5 प्रतिशत रहा।

बढ़ती प्रतिस्पर्धा के मौजूदा बैंकिंग परिदृश्य में, खुदरा बैंकिंग उत्पाद बैंक की व्यावसायिक वृद्धि को बढ़ाने में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए, बैंक ने सहायक उत्पादों की पहचान की है और इस सेगमेंट के तहत अधिक से अधिक व्यवसाय जुटाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। कासा सेगमेंट के तहत् ग्राहक विशिष्ट खंड के अंतर्गत अर्थात पीएनबी माई सेलेरी अकाउंट में जमाराशि बढ़कर ₹21,623 करोड़ हो गई, पीएनबी पावर सेविंग (महिलाओं के लिए) खाता में जमाराशि बढ़कर ₹7,577 करोड़ हो गई तथा पीएनबी रक्षक प्लस की जमाराशि बढ़कर ₹1,840 करोड़ रुपये हो गई।

इसके अलावा, सावधि जमा के तहत, पीएनबी सुगम सावधि जमा योजना की पहचान एक सहायक उत्पाद के रूप में की गई है, जिसमें जमाराशि बढ़कर ₹2,07,975 करोड़ हो गई।

c. **Threats**

Financial institutions in India have to walk a tightrope of nurturing the recovery within the overarching objective of preserving long-term stability of the financial system. Fresh stress on asset quality is expected to come from segments disrupted by the second wave of COVID-19. The current pandemic related shock is likely to place pressure on the balance sheet of banks. Proactive building of buffers and raising of capital will be crucial not only to ensure credit flow but also to build resilience in the financial system.

Increased financial regulation and supervision poses a challenge to the business models of banks, in particular stricter capital and liquidity requirements, macroprudential instruments and resolution regimes. These rules have contributed to the build up of a more resilient banking sector, which is very beneficial in the current context. There is entry of new types of providers ('FinTech' and 'BigTech') in various financial service segments. The entrants have lowered the costs and enhanced the quality and convenience, as well as the reach, of various services. This has helped to increase financial inclusion. The developments greatly affect banks.

Banks are also facing challenge from digital assets, like crypto currencies, e- wallets, Prepaid Payment Instruments (PPIs) etc. Going forward, if innovation creates faster connectivity between all these digital assets and allow for the seamless creation of alternative payment channels, banks also have to think for some innovative products/ processes to meet the challenges. Moving forward, security and data privacy are going to play a key role in winning consumer confidence and catalysing the adoption of digital banking. Improving Digital literacy and Cyber security will be important alongwith the need for a dedicated grievance mechanism.

d. **Segment-wise or Product wise Performance**

i. **Resource Mobilization**

The Domestic deposits of the Bank increased to Rs. 10,83,335 Crore as at the end of March 2021. Savings Deposit increased to Rs. 4,17,236 Crore, while Current Deposit increased to Rs. 75,546 Crore. The share of CASA deposit to domestic deposit stood at 45.5 per cent as at end of March 2021.

In the current banking scenario of mounting competition, Retail Banking products play a major role in enhancing the business growth of the Bank. In order to remain competitive, Bank has identified anchor products and special focus is given to mobilize more business under this segment. The deposit under customer specific segment viz PNB my Salary account increased to Rs. 21,623 Crore, PNB Power Saving (for women) account increased to Rs. 7,577 Crore and PNB Rakshak Plus increased to Rs. 1,840 Crore under CASA segment.

Further, under Term Deposit, PNB Sugam Term Deposit scheme has been identified as an anchor product, where the deposit increased to Rs. 2,07,975 Crore.

ii. **ऋण परिनियोजन और वितरण**

मार्च 2021 में बैंक का सकल घरेलू अग्रिम ₹7,19,138 करोड़ रहा। बाह्य रेटिंग 'ए' और उससे ऊपर की रेटिंग के साथ की गई नई स्वीकृतियाँ, स्वीकृतियों का एक बड़ा हिस्सा हैं। इसी प्रकार, बैंक ने अपने एक्सपोजर की गुणवत्ता में सुधार किया है, जैसा कि मार्च 2021 के अंत में ऋण जोखिम-भारित परिसंपत्तियों (आरडब्लुए) में ₹4,90,310 करोड़ की गिरावट के संकेत मिलते है।

समग्र टीएटी को कम करने, मूल्यांकन की दक्षता में सुधार करने, सेवा वितरण के साथ खातों की केंद्रित निगरानी के लिए गुंजाइश प्रदान करने हेतु कुशल कर्मचारियों से लैस संरचना के 2 स्तरों के माध्यम से ऋण के वितरण पर केंद्रित संशोधित ऋण संगठनात्मक संरचना बनाई गई है। इस 2 स्तरीय संरचना को देश के विभिन्न भागों में खोली गई अत्यंत वृहद कॉर्पोरेट शाखा (ईएलसीबी)/वृहद कॉर्पोरेट शाखा (एलसीबी) द्वारा लागू किया जा रहा है। ये ईएलसीबी/ईएलसीबी कुल घरेलू ऋण का लगभग 45 प्रतिशत है।

iii. **ऋण समूहन**

वित्त वर्ष 2021 के दौरान, बैंक के समूहन कक्ष ने 24,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावों का विपणन किया है, जिसमें से ₹14,544 करोड़ पीएनबी ने मंजूर किए हैं। इसके अलावा तकनीकी कक्ष ने टेक्नो इकनोमिक बैंकों के कुल ₹3,979 करोड़ के ऋण शेयर का (टीईवी) अध्ययन/वेटिंग रिपोर्ट किया है।

iv. **खुदरा ऋण**

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, बैंक का कुल खुदरा ऋण पोर्टफोलियो बढ़कर ₹1,36,137 करोड़ हो गया। इसमें से कोर खुदरा ऋण वित्तीय वर्ष 2020-21 में बढ़कर ₹1,13,047 करोड़ हो गया है।

कोर खुदरा ऋण पोर्टफोलियों के तहत आवास ऋण बढकर ₹71, 414 करोड़, कार/वाहन ऋण बढकर ₹10,278 करोड़ हो गया था तथा बंधक ऋण ₹12,213 करोड़ था।

नई पहलें:

क. कोविड-19 के प्रकोप को देखते हुए, और महामारी से प्रभावित हमारे मौजूदा ग्राहकों को राहत प्रदान करने के लिए, बैंक ने "केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रमों और स्कूलों तथा कॉलेजों सहित सभी प्रतिष्ठित संगठनों/संस्थानों, स्वायत्त निकायों/नर्सिंग होम/अस्पतालों के वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए, जो बैंक में खातों के माध्यम से अपना वेतन प्राप्त कर रहे हैं, "पीएनबी व्यक्तिगत ऋण योजना-पीएनबी सहयोग कोविड 19" एवं पेंशनभोगियों के लिए व्यक्तिगत ऋण योजना- "पीएनबी आभार ऋण कोविड 19" लॉन्च किया था।

ख. खुदरा ऋण पोर्टफोलियो की वृद्धि में तेजी लाने और बाजार में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए, बैंक ने आवास ऋण, कार ऋण और मेरी संपत्ति ऋण के तहत सेवा शुल्क की पूरी छूट प्रदान करते हुए 7 सितंबर, 2020 से 31 दिसंबर, 2020 की अवधि के लिए "पीएनबी फेस्टिवल बोनांजा" और 1 जनवरी, 2021 से 31 मार्च, 2021 की अवधि के लिए "पीएनबी नव वर्ष बोनान्ज़ा" लॉन्च किया था।

ग. ग्राहक को डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए उन ग्राहकों को ब्याज दर में रियायत प्रदान की गई है जो सावधि जमा के निमित्त ऑनलाइन ओवरड्राफ्ट सुविधा का लाभ उठाते हैं।

ii. **Credit Deployment and Delivery**

Gross Domestic Advances of the Bank stood at Rs.7,19,138 Crore in March 2021. Fresh Sanctions with external rating 'A' and above formed a major part of the sanctions. Similarly, Bank has improved its quality of exposures as indicated by a decline in Credit Risk-Weighted Assets (RWA) to Rs 4,90,310 Crore as at the end of March 2021.

Revamped organizational structure focused on delivery of credit through 2 tier of structure equipped with skilled staff, created to reduce overall TAT, to improve efficiency of appraisal, provide scope for focussed monitoring of accounts along with Service delivery. This 2 tier structure is being catered by Extra Large Corporate Branch (ELCBs)/ Large Corporate Branches (LCBs), opened in different parts of the country. These ELCBs/LCBs constitute approximately 45 per cent of total domestic credit.

iii. **Loan Syndication**

During FY 2020-21, Bank's syndication cell has marketed proposals amounting Rs. 24,000 Crore, of which proposals for Rs. 14,544 Crore have been sanctioned by PNB. Further Technical Cell conducted Techno Economic Viability (TEV) Study/vetting report of Bank's debt share aggregating to Rs. 3,979 Crore.

iv. **Retail Credit**

During the FY 2020-21, Total Retail credit portfolio of the Bank increased to Rs.1,36,137 Crore. Out of this, the Core Retail Credit has increased to Rs. 1,13,047 Crore in FY 2020-21.

Within the Core Retail Credit Portfolio, Housing Loan increased to Rs. 71,414 Crore, Car/Vehicle Loan increased to Rs. 10,278 Crore and the Mortgage Loan was at Rs. 12,213 Crore.

New Initiatives:

a. In light of the COVID-19 outbreak, and to provide relief to our existing customers affected due to pandemic, Bank had launched "PNB Personal Loan Scheme-PNB Sahyog COVID 19" for salaried employees of Central/State Govt./ PSUs and all reputed organisations/institutions including schools and colleges, autonomous bodies/nursing homes/hospitals who are drawing their salary through accounts in Bank and Personal Loan Scheme for Pensioners- "PNB Aabhar Rin Covid19".

b. To accelerate growth of Retail Loan Portfolio and to encash the opportunities available in the market, Bank had launched "PNB Festival Bonanza" for the period 7th September, 2020 to 31st December, 2020 & "PNB New Year Bonanza" for the period 1st January, 2021 to 31st March, 2021 offering full waiver of service charges under Housing Loan, Car Loan and myProperty Loan.

c. In order to encourage the customer to utilize the digital platform, concession in rate of interest has been provided to those customer who avail Online Overdraft Facility against Fixed Deposit.

घ. बैंक ने 8 कार निर्माताओं जैसे मारुति, होंडा, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, फोर्स मोटर्स, टोयोटा, हुंडई और एमजी हेक्टर के साथ कार ऋण के लिए टाई अप किया है।

v. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र

31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार प्राथमिकता क्षेत्र, कृषि और उप-क्षेत्रों की बकाया स्थिति निम्नानुसार है:-

(राशि करोड़ में)

बकाया स्थिति	31.03.2021
प्राथमिकता क्षेत्र ऋण	298140
जिसमें से:	
कृषि क्षेत्र को ऋण	132185
छोटे और सीमांत किसानों को ऋण	57392
सूक्ष्म उद्यमों को ऋण	56136
कमजोर वर्गों को ऋण	82086

लक्ष्य प्राप्ति: वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए प्राथमिकता क्षेत्र, कृषि और अन्य उप-क्षेत्रों के राष्ट्रीय लक्ष्यों के तहत बैंक की उपलब्धि निम्नानुसार है:

राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति (त्रैमासिक वार्षिक औसत आधार)

समायोजित निवल बैंक ऋण का प्रतिशत (एएनबीसी)	लक्ष्य (प्रतिशत में राष्ट्रीय लक्ष्य)	31/03/2021*
प्राथमिकता क्षेत्र ऋण	40.00%	41.34%
जिसमें से:		
कृषि क्षेत्र को ऋण	18.00%	18.20%
छोटे और सीमांत किसानों को ऋण	8.00%	8.38%
सूक्ष्म उद्यमों को ऋण	7.50%	7.98%
कमजोर वर्गों को ऋण	10.00%	11.36%

**वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए त्रैमासिक वार्षिक औसत एएनबीसी: रु. 6,82,197 करोड़।*

वित्तीय वर्ष 2020-21 के प्रदर्शन की मुख्य बातें:

- प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण मार्च 2021 को रु.2,98,140 करोड़ रहा। एएनबीसी में से प्राथमिकता क्षेत्र के अग्रिमों का प्रतिशत निर्धारित राष्ट्रीय लक्ष्य 40% की तुलना में 41.34 प्रतिशत है।
- कृषि क्षेत्र को ऋण मार्च 2021 को रु.1,32,185 करोड़ रहा। एएनबीसी में से कृषि अग्रिमों का प्रतिशत निर्धारित राष्ट्रीय लक्ष्य 18 प्रतिशत की तुलना में 18.20 प्रतिशत है।
- छोटे/सीमांत किसानों (एसएफ/एमएफ) को ऋण मार्च 2021 को रु.57,392 करोड़ रहा। एएनबीसी में से छोटे/सीमांत किसानों को अग्रिम प्रदान किए जाने का प्रतिशत निर्धारित राष्ट्रीय लक्ष्य 8 प्रतिशत की तुलना में 8.38 प्रतिशत है।
- सूक्ष्म (पीएस) उद्यमों को ऋण मार्च 2021 को रु.56,136 करोड़ रहा। एएनबीसी में से सूक्ष्म (पीएस) उद्यमों को अग्रिम प्रदान करने का प्रतिशत निर्धारित राष्ट्रीय लक्ष्य 7.50 प्रतिशत की तुलना में 7.98 प्रतिशत है।
- कमजोर वर्ग को अग्रिम मार्च 2021 को रु.82,086 करोड़ रहा। एएनबीसी के 10 प्रतिशत के राष्ट्रीय लक्ष्य के मुकाबले यह उपलब्धि 11.36 प्रतिशत है।

d. Bank is having Tie Ups for Car loans with 8 Car manufacturers namely Maruti, Honda, Tata Motors, Mahindra & Mahindra, Force Motors, Toyota, Hyundai and M G Hector.

v. Priority Sector

The outstanding position of Priority Sector, Agriculture and sub-sectors as on 31st March, 2021 is as under:-

(Amt. Rs in Crore)

Outstanding Position	31.03.2021
Priority Sector Credit	298140
Out of which:	
Loan to Agriculture Sector	132185
Loan to Small & Marginal farmers	57392
Loan to Micro enterprises	56136
Loan to Weaker Sections	82086

Goals Achievement: Bank's achievement under National Goals of Priority Sector, Agriculture and other sub-sectors for FY 2020-21 are as under:

Achievement Of National Goals (Quarterly Annual Average Basis)

Percentage to Adjusted Net Bank Credit (ANBC)	Target (National Goal in Percentage)	31.03.2021*
Priority Sector Credit	40.00%	41.34%
Out of which:		
Loan to Agriculture Sector	18.00%	18.20%
Loan to Small & Marignal Farmers	8.00%	8.38%
Loan to Micro Enterprises	7.50%	7.98%
Loan to Weaker Sections	10.00%	11.36%

**Quarterly annual average ANBC for the Financial Year 2020-21: Rs. 6,82,197 Crore.*

Performance Highlights of FY 2020-21:

- Credit to Priority Sector stood at Rs. 2,98,140 Crore as on March 2021. The percentage of Priority Sector Advances to ANBC is 41.34 per cent as against the prescribed National Goal of 40 Percent.
- Credit to Agriculture sector stood at Rs. 1,32,185 Crore as on March. The percentage of Agriculture Advances to ANBC is 18.20 per cent against the prescribed National Goal of 18 per cent.
- Loans to Small/ Marginal Farmers (SF/ MF) stood at Rs. 57,392 Crore as on March 2021. The percentage of advances to SF/ MF farmers to ANBC is 8.38 per cent as against the prescribed National Goal of 8 per cent.
- Credit to Micro (PS) Enterprises stood at Rs. 56,136 Crore as on March 2021. The percentage of advance to Micro (PS) Enterprises to ANBC is 7.98 per cent as against the prescribed National Goal of 7.50 per cent.
- Advances to Weaker Section stood at Rs. 82,086 Crore as on March 2021. The achievement is 11.36 per cent as against National goal of 10 per cent of ANBC.

- ❖ मार्च 2021 के अंत तक, महिला लाभार्थियों को प्रदान किया गया बैंक ऋण रु.74,566 करोड़ रहा।
- ❖ अल्पसंख्यक समुदायों को प्रदान किया गया बैंक ऋण मार्च 2021 के अंत में रु. 34,272 करोड़ रहा।
- ❖ मार्च 2021 के अंत में, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदाय को प्रदान किया गया बैंक ऋण रु.7,000 करोड़ रहा।

कृषि वृद्धि हेतु कार्यनीतियाँ

- ❖ केन्द्रीय प्रायोजित अवसंरचना विकास योजनाओं जैसे कृषि अवसंरचना कोष पशुपालन अवसंरचना विकास कोष, और मत्स्यपालन ढांचा विकास कोष आदि पर ध्यान केन्द्रित करना।
- ❖ क्लस्टर पद्धति के अंतर्गत गहन वित्तपोषण।
- ❖ उत्तर पूर्व क्षेत्रों में चाय वित्त-पोषण जैसी योजनाओं पर जोर देना तथा दक्षिण भारत में संभावनाओं को खोजना।
- ❖ कृषि मशीनीकरण व्यवसाय को बढ़ाने के लिए विभिन्न कृषि औजार/ उपकरण कंपनियों के साथ समझौता करना।
- ❖ कोल्ड स्टोरेज, ग्रामीण गोदामों आदि जैसी कृषि अवसंरचना गतिविधियों पर ध्यान केन्द्रित करना।

कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर गतिविधियाँ):

- ❖ **कृषक प्रशिक्षण केंद्र (एफटीसी):** बैंक ने 12 कृषक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किये हैं। एफटीसी कृषि और संबंद्ध गतिविधियों तथा कम्प्यूटर, कटिंग एंव सिलाई/कढ़ाई और उद्यमिता विकास कार्यक्रमों पर नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। स्थापना के बाद से, एफटीसी ने 52,254 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करके 16,24,718 व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान किया है। ये प्रशिक्षण केंद्र किसानों के खेतों में मृदा परीक्षण सुविधाओं वाली मोबाइल वैन और किसानों को सूचनात्मक वीडियों क्लिप के ऑडियो विजुअल प्रदर्शन के लिए लाइट-एमेटिंग डायोड (एलईडी) से लैस है।
- ❖ **ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई):** भारत में 75 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) के तत्वावधान में) और 2 ग्रामीण विकास केंद्र (पीएनबी पहल) चल रहें हैं, जो कि ग्रामीण आबादी और उनके परिवारों को स्व-रोजगार उद्यम/रोजगार चलाने हेतु कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने में लगे हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, इन केंद्रों में 32,567 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया था, जिनमें से 17,975 बीपीएल परिवारों से सम्बद्ध थे और 25,148 महिलाएं थी। स्थापना के बाद से प्रशिक्षित उम्मीदवारों की कुल संख्या 4,50,707 हैं, जिनमें से 1,78,861 बीपीएल परिवारों से और 2,82,908 महिलाएं थी। हमारे आरएसईटीआई समावेशी विकास के लिए पर्याप्त ऋण सुनिश्चित करके प्रतिभागियों के व्यवस्थापन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।स्थापना के बाद से कुल 2,99,586 उम्मीदवारों का व्यवस्थापन किया जाता हैं।
- ❖ **वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी):** हमारे बैंक में 94 वित्तीय साक्षरता केंद्र कार्य कर रहे हैं। 1 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2021 तक की अवधि के दौरान कुल पूछताछ की संख्या 2,04,538 है। 1 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2021 तक वित्तीय शिक्षा, निवारक परामर्श और ग्राहक अधिकारों पर एफएलसी द्वारा आयोजित संगोष्ठियों / कार्यक्रमों / शिविरों की कुल संख्या 6,218 है और इन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले व्यक्तियों की संख्या 2,08,192 है।

- ❖ As at the end of March 2021, Bank credit to women beneficiaries stood at Rs. 74,566 Crore.
- ❖ Bank credit to Minority Communities stood at Rs. 34,272 Crore, as at the end of March 2021.
- ❖ As at the end of March 2021, Bank credit to SC/ST Community stood at Rs. 7,000 Crore.

Strategies to enhance Agriculture:

- ❖ Focus on centrally sponsored infrastructure development schemes like Agriculture Infrastructure Fund, Animal Husbandry Infrastructure Development Fund, and Fisheries Infrastructure Development Fund etc.
- ❖ Intensive financing under cluster approach.
- ❖ Thrust on schemes like tea financing in north- east regions and exploring potential in South India.
- ❖ Tie-ups with various Agriculture implement/ equipment companies to garner farm mechanisation business.
- ❖ Focus on Agriculture infrastructure activities like cold storage, rural godowns etc.

Corporate Social Responsibility (CSR Activities):

- ❖ **Farmers Training Centres (FTCs):** Bank has established 12 Farmers Training Centres. The FTCs are providing free of cost training on agriculture & allied activities and also for Computers, cutting & tailoring/ embroidery and entrepreneurship development programs. Since inception, FTCs have imparted training to 16,24,718 persons by conducting 52,254 training programs. These Training Centres have been equipped with the Mobile Van having Soil testing facilities at the farmers' fields and Light-emitting diode (LED) for audio visual display of informative video clips to the farmers.
- ❖ **Rural Self Employment Training Institutes (RSETIs):** There are 75 RSETIs (under aegis of Ministry of Rural Development (MoRD)) and 2 Rural Development Centres (PNB initiatives) are operating in India which are engaged in providing training to rural population and their families for skill upgradation to undertake self-employment ventures/Jobs. During FY2020-21, 32,567 persons were trained in these centers out of which 17,975 belong to BPL families and 25,148 were women. Total number of trained candidates since inception is 4,50,707, out of which 1,78,861 were from BPL families and 2,82,908 were women. Our RSETIs are focusing for settlement of participants by ensuring adequate credit for inclusive growth. Total settled candidates are 2,99,586 since inception.
- ❖ **Financial Literacy Centres (FLCs):** Our bank has 94 functional Financial Literacy Centers. Total number of enquiries made during the period from 1st April, 2020 to 31st March, 2021 is 2,04,538. Total number of seminars/ programmes/ Camps conducted by FLCs on Financial Education, Preventive Counselling and Customer Rights from 1st April, 2020 to 31st March, 2021 is 6,218 and number of persons attended these programs is 2,08,192.

❖ **पीएनबी विकास - ग्राम अंगीकरण योजना:** योजना का उद्देश्य अन्य हितधारकों (ग्रामीणों, सरकारी प्राधिकरणों, एवं स्थानीय निकायों आदि) के समन्वय से अंगीकृत गांवों को समग्र रूप से विकसित करना है, जिसमें मानव, आर्थिक और अन्य बुनियादी ढांचे का विकास जैसे:-स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा, बिजली, स्वास्थ्य, आदि शामिल हैं। इस योजना के तहत, बैंक ने विभिन्न मंडलों में 295 गांवों को गोद लिया है।

❖ **पीएनबी लाडली:** यह योजना ग्रामीण /अर्ध शहरी क्षेत्रों की बालिकाओं के बीच शिक्षा को लोकप्रिय बनाने के लिये है। इस योजना के तहत, बैंक प्रत्येक चिन्हित किये गए गांव की 10 जरूरतमंद छात्राओं को शिक्षा इनपुट हेतु 2500/- एकमुश्त और रू.100/- प्रतिमाह जेब खर्च भत्ते के रूप में प्रदान कर रहा है। चयनित बालिकाओं को 12वीं कक्षा पूरी होने तक हर साल यह सहायता मिलती रहेगी। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान 329 बालिका छात्राओं के बीच रूए 3.42 लाख का वितरण किया गया। अब तक, हमने इस योजना के तहत 31मार्च, 2021 तक 9,691 बालिकाओं को रू. 175.87 लाख वितरित किए हैं।

❖ **पीएनबी किसान बालक शिक्षा प्रोत्साहन योजना:** योजना गरीब कृषि उधारकर्ताओं (जिसमें छोटे किसान, सीमांत किसान, काश्तकार, मौखिक पट्टेदार और कृषि श्रमिक शामिल हैं) के छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई है, वे पात्र हैं बशर्ते उनका ऋण खाता नियमित चल रहा हो। स्थापना के बाद से, योजना के तहत मार्च 2021 तक 1,553 छात्रों को रूपये 47.98 लाख प्रोत्साहन के रूप में दिये गये है।

vi. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई)

एमएसएमई क्षेत्र हमारे औद्योगिक क्षेत्र की रीढ़ है और अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण वृद्धि इंजन का गठन करता है, जो उद्यमिता को बढ़ावा देता है, नवाचार को प्रेरित करता है और रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करता है।

मार्च 2021 के अंत तक, एम. एस. एम. ई. सेगमेंट को रू. 1,25,966 करोड़ का ऋण दिया गया। सूक्ष्म सेगमेंट में रू. 55,929 करोड़ बकाया के साथ, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को अग्रिम रु. 1,01,998 करोड़ रहे।

एमएसएमई व्यवसाय को प्रोत्साहित करने हेतु की जा रही पहलों का विवरण

बैंक नई इकाइयों की स्थापना के साथ-साथ मौजूदा व्यावसायिक इकाइयों के विस्तार के लिए उधारकर्ताओं को सभी प्रकार की निधि आधारित और गैर-निधि आधारित सुविधाएं प्रदान करता है। बैंक द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्यमों को समय पर वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए चैनल वित्तपोषण हेतु समझौते, ऋणों का सह-उधार, पीएनबी जीएसटी एक्सप्रेस ऋण और पीएनबी तत्काल योजना, जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख के लिए पीएनबी शिखर योजना, पीएनबी लैंस के रूप में ऋण समाधान, जीईसीएल और पीएम स्वनिधि योजनाओं आदि के माध्यम से सरकार द्वारा प्रदत्त उधार जैसी नकदी प्रवाह आधारित योजनाओं जैसी विभिन्न पहलें की गई हैं।

(ए) **गारंटीकृत आपातकालीन ऋण व्यवस्था (जीईसीएल) सुविधा:** इस योजना को कोविड-19 महामारी के दौरान एमएसएमई क्षेत्र को कम लागत पर अत्यंत आवश्यक राहत प्रदान करने के लिए बनाया गया है, जिससे एमएसएमई अपनी परिचालन देयताओं को पूरा कर सकें तथा अपने व्यवसाय को दुबारा शुरू कर सकें जीईसीएल सुविधा 4 चरणों में क्रियान्वित की गई थी और ये अब एनसीजीटीसी द्वारा जारी दिशानिर्देशों से लेकर 30.09.2021 तक की समयावधि या जारी (ईसीएलजीएस 1.0,2,0,3.0 एवं 4.0 खाते में रखना) रु. 300000 करोड़ की राशि हेतु गारंटी, जो भी कम हो, के सभी स्वीकृत ऋणों पर लागू है।

❖ **PNB VIKAS Village Adoption Scheme:** The objective of the Scheme is to develop the adopted villages in a holistic manner, which includes Human, Economic & other Infrastructure Development like sanitation, drinking water supply, education, electricity, health, etc in co-ordination with the other stake holders (villagers, the Govt. authorities, local bodies etc). Under this Scheme, bank has adopted 295 villages in different Circles.

❖ **PNB Ladli:** The Scheme is meant for popularization of education among girls of Rural / Semi Urban areas. Under the scheme, Bank is providing for education inputs of Rs. 2,500 in lump sum and Rs.100 per month as pocket allowance to 10 needy girl students of each identified villages. Selected girls will continue to get support every year till they complete 12th class. During FY 2020-21, Rs. 3.42 Lakh was distributed amongst 329 girl students. So far, we have distributed Rs.175.87 Lakh to 9,691 girls under this scheme upto 31st March, 2021.

❖ **PNB Kisan Balak Shiksha Protsahan Yojana:** The Scheme has been launched to provide financial assistance to the students of poor agriculture borrowers (comprising of small farmers, marginal farmers, tenant farmers, oral lessees and agriculture labour) are eligible, provided their loan account is running regular. Since inception, Rs.47.98 Lakh has been given as incentive to 1,553 students up to March 2021 under the scheme.

vi. Micro, Small and Medium Enterprises (MSME):

The MSME sector forms the backbone of our industrial sector and constitutes an important growth engine for the economy that promotes entrepreneurship, inspires innovation and boosts employment generation.

As at the end of the March 2021, credit to MSME segment stands at Rs. 1,25,966 Crore. The advance to Micro and Small Enterprises stood at Rs. 1,01,998 Crore with outstanding in Micro segment at Rs 55,929 Crore.

Details of initiatives being taken to boost MSME business

The Bank provides all types of fund based and non-fund based facilities to the borrowers for setting up new units and expansion of existing business units. In order to provide timely financial support to MSME, various initiatives are taken by bank such as Tie-Ups for channel financing & Original Equipment Manufacturers (OEMs), launch of innovative schemes viz; PNB GST Express Loan and PNB Tatkal Scheme, PNB Shikhar Scheme for Jammu & Kashmir and Ladakh region, lending solutions for loan processing such as PNB LenS, Government induced lending through GECL and PM SVANidhi schemes, etc.

(a) **Guaranteed Emergency Credit Line (GECL) Facility:** This scheme is formulated to provide much needed relief to the MSME sector at low cost, thereby enabling MSMEs to meet their operational liabilities and restart their businesses. GECL facility is implemented in 4 phases and is now applicable to all loans sanctioned under GECL during the period from the date of issue of these guidelines by NCGTC to 30.09.2021 or till guarantees for an amount of Rs 3,00,000 Crore are issued (taking into account ECLGS 1.0, 2.0, 3.0 & 4.0), whichever is earlier.

i. **ईसीएलजीएस 1.0:** इस योजना के तहत 29 फरवरी, 2020 तक 50 करोड़ रुपये तक के उधारकर्ता के कुल बकाया ऋण के 20 प्रतिशत तक के अग्रिम की अनुमति दी गई थी।

ii. **ईसीएलजीएस 2.0:** इस योजना ने मौजूदा ईसीएलजीएस 1.0 का दायरा बढ़ाया है जिसमें 29 फरवरी, 2020 तक सभी बैंकों/वित्तीय संस्थानों में रु. 50 करोड़ से अधिक और रु. 500 करोड़ तक के संयुक्त बकाया ऋण सहित कामथ समिति द्वारा यथा अनुशंसित 26 विशिष्ट क्षेत्र और स्वास्थ्य सेवा अनुभाग पात्र हैं।

iii. **ईसीएलजीएस 3.0:** संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार, आतिथ्य (होटल, रेस्तरां, मैरिज हॉल, कैंटीन आदि), यात्रा और पर्यटन, अवकाश और खेल तथा नागरिक उड्डयन (प्रायोजित और अप्रायोजित एयरलाइंस, चार्टर्ड फ्लाइट ऑपरेटर, एयर एम्बुलेंस और हवाई अड्डे सहित) में सभी व्यावसायिक उद्यम/एमएसएमई) क्षेत्र जिनके देय दिन 29 फरवरी, 2020 तक 60 दिनों तक के हैं, पात्र हैं। आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन, अवकाश एवं खेल तथा नागरिक उड्डयन क्षेत्रों में पात्र उधारकर्ताओं के संबंध में बकाया ऋणों की कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है, जो प्रति उधारकर्ता रु.200 करोड़ अधिकतम सीमा के साथ बकाया ऋण (निधि आधारित) के 40 प्रतिशत के अधीन है।

iv. **ईसीएलजीएस 4.0:** कोविड-19 संकट के मद्देनजर व्यावसायिक उद्यमों/एमएसएमई को निरंतर राहत प्रदान करने के लिए, जीईसीएल 4.0 की शुरुआत की गई है, जिसमें मौजूदा अस्पताल/नर्सिंग होम/क्लीनिक/मेडिकल कॉलेज/लिक्विड ऑक्सीजन, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि के निर्माण में लगी इकाइयां शामिल हैं जिनके हमारे बैंक के साथ 31 मार्च, 2021 तक 90 दिनों तक देय हो चुके हैं और जिन्हें प्रेशर स्विंग एब्सोर्पशन आदि जैसे कम लागत तकनीकों की स्थापना के लिए 2 करोड़ रुपये तक की सहायता की आवश्यकता है।

31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, बैंक ने रु. 12,935 करोड़ के अग्रिम इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत किए हैं जिसमें से रु. 11,072 करोड़ की राशि के 1,78,872 खातों का संवितरण किया जा चुका है।

(बी) **तनावग्रस्त एमएसएमई के लिए गौण ऋण हेतु क्रेडिट गारंटी योजना(सीजीएसएसडी):** एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार ने सीजीटीएमएसई के माध्यम से तनावग्रस्त एमएसएमई के प्रमोटरों को व्यवसाय में इक्विटी/अर्ध इक्विटी के रूप में निवेश के लिए व्यक्तिगत ऋण प्रदान करने हेतु "गौण ऋण हेतु क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीएसएसडी)" शुरू की,जो दबावग्रस्त एमएसएमई अग्रिमों के पुनर्गठन के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार पुनर्गठन हेतु पात्र हैं। ऋण सीजीटीएमएसई द्वारा 90 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी के साथ प्रदान किया जाएगा। बैंक ने 15.29 करोड़ रुपये की राशि के 238 खातों को मंजूरी दी है, जिसमें से 175 खातों में 15.20 करोड़ रुपये की राशि 31 मार्च, 2021 तक वितरित की जा चुकी है।

(सी) **पीएम सड़क विक्रेता आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि):** यह आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक केंद्र सरकार की योजना है, जो सड़क विक्रेताओं को 10,000/- रुपये तक का वित्त प्रदान करने के लिए बनाई गई है, जो इस क्षेत्र के लिए आर्थिक वृद्धि के नए अवसर खोलेगा। यह योजना 24 मार्च, 2020 को या उससे पहले शहरी क्षेत्रों में विक्रय में लगे सभी सड़क विक्रेताओं के लिए उपलब्ध है। बैंक ने 2 जुलाई, 2020 को यह योजना शुरू की और 31 मार्च, 2021 को प्राप्त आवेदनों की संख्या 2,02,795 थी, स्वीकृत आवेदन 1,71,383 थे और संवितरित आवेदन 1,52,925 थे। सड़क विक्रेताओं को निरंतर सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से, उन उधारकर्ताओं को जिन्होंने अपने ऋणों का समय पर/जल्दी भुगतान कर दिया है, उन्हें इस योजना के तहत 20,000 रुपये तक की बढ़ी हुई सीमा के साथ दूसरी किश्त दिया जाना शुरू किया गया है।

i. **ECLGS 1.0:** Under the scheme credit was allowed up to 20 per cent of the borrower's total outstanding credit up to Rs.50 Crore as on 29th February, 2020.

ii. **ECLGS 2.0:** This scheme enlarged the scope of existing ECLGS 1.0 wherein 26 specific sectors and Healthcare segment, as recommended by Kamath Committee, with combined outstanding loans across all Banks/FIs of above Rs. 50 Crore and upto Rs. 500 Crore as on 29th February, 2020 are eligible.

iii. **ECLGS 3.0:** As per the revised guidelines, all Business Enterprises /MSMEs in the Hospitality (hotels, restaurants, marriage halls, canteens etc.), Travel & Tourism , Leisure & Sporting and Civil Aviation (including scheduled and non-scheduled airlines, chartered flight operators, air ambulances and airports) sectors whose days past due are upto 60 days as on 29th February, 2020 are eligible. No ceiling on loans outstanding has been prescribed in respect of eligible borrowers in Hospitality, Travel & Tourism, Leisure & Sporting and Civil Aviation sectors, subject to 40 per cent of the credit outstanding (fund based) with a cap of Rs. 200 Crore per borrower.

iv. **ECLGS 4.0:** To provide continued relief to Business Enterprises/MSMEs in view of COVID-19 crisis, GECL 4.0 has been introduced wherein, existing Hospitals/nursing homes/clinics/medical colleges/units engaged in manufacturing of liquid oxygen, oxygen Cylinders etc having credit facility with our Bank with days past due upto 90 days as on 31st March, 2021 and requiring assistance of upto Rs. 2 Crore for setting up low cost technologies like Pressure Swing Adsorption etc. for on-site oxygen generation.

As on 31st March, 2021, Bank has sanctioned advances amounting to Rs. 12,935 Crore, under the scheme out of which 1,78,872 accounts amounting to Rs. 11,072 Crore have been disbursed.

(b) **Credit Guarantee Scheme for Subordinate Debt (CGSSD) for Stressed MSMEs:** Ministry of MSME, Govt. of India through CGTMSE has introduced "Credit Guarantee Scheme for Subordinate Debt (CGSSD)" to provide personal loans to the promoters of stressed MSMEs for infusion as equity/quasi equity in the business, eligible for restructuring as per Reserve Bank of India guidelines for restructuring of stressed MSME advances. The loans would be provided with a 90 per cent credit guarantee by the CGTMSE. Bank has sanctioned 238 accounts amounting to Rs. 15.29 Crore, out of which 175 accounts amounting to Rs. 15.20 Crore have been disbursed as on 31st March, 2021.

(c) **PM Street Vendor's AtmaNirbhar Nidhi (PM SVANidhi):** This is a Central Government Scheme launched by Ministry of Housing and Urban Affairs formalized for Street vendors providing finance upto Rs. 10,000 which will open up new opportunities to this sector to move up the economic ladder. The Scheme is available to all street vendors engaged in vending in urban areas as on or before 24th March, 2020. Bank has launched this scheme on 2nd July, 2020 and as on 31st March, 2021, the applications received were 2,02,795, the sanctioned applications were 1,71,383 and the disbursed applications were 1,52,925. With an intent to provide continued support to street vendors, second tranche with enhanced limit of upto Rs. 20,000 under the scheme, for the borrowers who have made timely/early payments of their loans, has been introduced.

(डी) प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत प्रदत्त शिशु ऋण के शीघ्र पुनर्भुगतान पर 2% की ब्याज अनुदान योजना: भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने पीएमएमवाई के तहत प्रदत्त शिशु ऋण के शीघ्र पुनर्भुगतान पर 2 प्रतिशत की ब्याज अनुदान योजना तैयार की है। ब्याज अनुदान केवल उन ऋणों के लिए उपलब्ध होगा जो ए) भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार 31 मार्च, 2020 तक एनपीए नहीं हैं, बी) उस महीने के लिए एनपीए नहीं होना चाहिए जिसके लिए दावा प्रस्तुत किया गया है। जून 2020 से दिसंबर 2020 की अवधि के लिए सभी पात्र 3,57,630 खातों में 655.48 लाख रुपये की ब्याज अनुदान राशि पहले ही जमा की जा चुकी है।

(ई) पीएनबी कोविड-19 आपातकालीन ऋण सुविधा (पीएनबी-सीईसीएफ): इस योजना के तहत, उन सभी उधारकर्ताओं के लिए मौजूदा कार्यशील पूंजी सीमा का 10% उपलब्ध है, जो मानक, एसएमए 0 और एसएमए1 श्रेणी के अंतर्गत हैं। बैंक ने 30 सितंबर, 2020 तक योजना के बंद होने तक 2,346.39 करोड़ रुपये के 55,633 खातों को मंजूरी दी है।

(एफ) उदारीकृत कार्यशील पूंजी मूल्यांकन (एलडब्ल्यूसीए): एलडब्ल्यूसीए एमएसएमई उधारकर्ताओं के लिए एक मॉडल है, जिनकी सीमा रु. 5 करोड़ है। वित्त वर्ष 2020-21 हेतु 5 करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए अनुमानित कारोबार के 33 प्रतिशत तक कार्यशील पूंजी की सीमा का पुनर्मूल्यांकन और स्टॉक पर न्यूनतम 10 प्रतिशत के घटे हुए मार्जिन पर 5 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण प्रस्तावों के लिए संशोधित सीएमए के आधार पर और प्राप्य पर न्यूनतम 15 प्रतिशत संबंधित उधारकर्ताओं को प्रदान किया जा सकता है। बैंक ने 31मई 2020 के अनुसार योजना समाप्ति तक रु. 2160.22 करोड़ की राशि के 30,587 खाते स्वीकृत किए हैं।

(जी) क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण: ऋण देने के लिए क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण का उद्देश्य हमारे मौजूदा ग्राहक आधार को बनाए रखने के लिए संबंधित क्लस्टरों में बैंक की हिस्सेदारी को बढ़ाने और उधार देने के नियमों में ढील देकर हमारी बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि करना है। बैंक ने पहले ही अनुकूलित प्रस्तावों यथा रियायती ब्याज दर, सेवा प्रभारों में रियायत और मूल्यांकन आवश्यकताओं में छूट आदि के साथ 55 क्लस्टरों को मंजूरी दे दी है।

(एच) टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म: टीआरईडीएस कॉर्पोरेट और सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) सहित अन्य खरीदारों से एमएसएमई की व्यापार प्राप्तियों के वित्तपोषण के लिए स्थापित एक संस्थागत तंत्र है। 500 करोड़ रुपये से अधिक के कुल कारोबार वाले सभी कॉरपोरेट्स को अनिवार्य रूप से टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म पर आना जरूरी है। बैंक टीआरईडीएस के तीनों प्लेटफॉर्म यानी आरएक्सआईएल, एम1एक्सचैंज एवं ए.ट्रेड्स का उपयोग करता है। टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म का प्रभावी रूप से संचालन करने के लिए दिल्ली में एक केंद्रीकृत हब स्थापित किया गया है। 31 मार्च, 2021 को कुल बकाया बिल 1,654 हैं, जिनकी राशि 452.01 करोड़ रुपए है।

(आई) ई-नवीनीकरण योजना का शुभारंभ: मूल्यांकन प्रक्रिया की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए, टीएटी को कम करने और छोटे उधारकर्ताओं को आसानी प्रदान करने के लिए, ऋण सुविधाओं के स्वत: नवीनीकरण के लिए एक प्रणाली लागू की गई है। यह 2 लाख रुपये तक के जोखिम वाली कार्यशील पूंजी ऋण सुविधाओं के नवीनीकरण के लिए एक सीधी प्रक्रिया (एसटीपी) है। प्रक्रिया पूर्व-निर्धारित व्यावसायिक नियमों पर की जाएगी और प्रक्रिया नोट/अन्य दस्तावेज तैयार करने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। यह टीएटी को कम करके मूल्यांकन प्रक्रिया की दक्षता को उत्प्रेरित करेगा और छोटे उधारकर्ताओं को आसानी प्रदान करेगा।

(d) Interest Subvention Scheme of 2% on Prompt Repayment of Shishu Loan Extended Under Pradhan Mantri Mudra Yojana (PMMY): Small Industries Development Bank of India (SIDBI) has formulated Interest Subvention Scheme of 2 per cent on prompt repayment of Shishu loan extended under PMMY. Interest subvention will be available only to loans which are a) Not NPA as per Reserve Bank of India guidelines, as on 31st March, 2020 b) Should not be an NPA for the month for which claim is submitted. Interest subvention amounting Rs. 655.48 Lakh in 3,57,630 accounts has already been credited in all the eligible accounts for the period of June 2020 to December 2020.

(e) PNB COVID-19 Emergency Credit Facility (PNB-CECF): Under this scheme, 10 per cent of existing working capital limits is available to all the borrowers which are under Standard, SMA0 and SMA1 category. Bank has sanctioned 55,633 accounts amounting to Rs 2,346.39 Crore till the closure of the scheme as on 30th September, 2020.

(f) Liberalized Working Capital Assessment (LWCA): LWCA is a model for MSME borrowers having limits upto Rs. 5 Crore. Reassessment of Working Capital limit up to 33 per cent of projected turnover for FY 2020-21 for loans upto Rs 5 Crore and based on revised CMA for loan proposals more than Rs 5 Crore on a reduced margin of minimum 10 per cent on stocks and minimum 15 per cent on receivable can be provided to the respective borrowers. Bank has sanctioned 30,587 accounts amounting to Rs. 2160.22 Crore till the closure of the scheme as on 31st May, 2020.

(g) Cluster based approach: Cluster based approach for lending is intended to increase the Bank's share in respective clusters to retain our existing customer base and increase our market share by offering relaxed lending norms. Bank has already approved 55 clusters with customized offerings viz. concessional ROI, concession in service charges & relaxation in rating requirements etc.

(h) TReDS Platform: TReDS is an institutional mechanism set up for financing of trade receivables of MSMEs from corporate and other buyers including Government Departments and Public Sector Undertakings (PSUs). All the corporates having turnover of more than Rs 500 Crore are to be compulsorily on-boarded on TReDS platform. Bank uses all the three platforms of TReDS i.e. RXIL, M1xchange & A. Treds. A Centralized Hub at Delhi has been established to undertake operations on TReDS platform effectively. Total bills outstanding as on 31st March, 2021 are 1,654 amounting to Rs. 452.01 Crore.

(i) Launch of e-RENEWAL Scheme: In order to increase efficiency of the appraisal process, reduce TAT and provide ease to small borrowers, a system for automatic renewal of credit facilities is implemented. This is a Straight Through Process (STP) for renewal of working capital credit facilities having exposure upto Rs. 2 Lakh. The process will be done on the pre-defined business rules and there will be no need to prepare process note/other documents. It will catalyze the efficiency of the appraisal process by reducing TAT and provide ease to small borrowers.

(जे) **जम्मू एंव कश्मीर और लद्दाख हेतु पीएनबी शिखर योजनाः** केंद्र शासित प्रदेशों में निर्यात सहित व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने विशेष पहलें और रणनीतियां बनाने पर जोर दिया है। इस प्रकार बैंक ने ऋणों के वितरण में तेजी लाने और समय-सीमा के संशोधन के लिए कदम उठाए हैं। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के क्षेत्रों में लघु अवधि के साथ-साथ दीर्घकालिक ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एमएसएमई के लिए पीएनबी शिखर योजना तैयार की गई है।

(के) **पीएनबी जीएसटी एक्सप्रेस ऋणः** जीएसटी पंजीकृत व्यावसायिक उद्यमों, जो कम से कम 6 महीने से जीएसटी भर रहे हैं, को कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु परेशानी मुक्त ऋण प्रदान करना है और व्यक्तियों, फर्मों, कंपनियों, एलएलपी और न्यायसंगत व्यवसाय में लेनदेन करने वाली सहकारी समितियों के लिए लागू है। ऋण राशि की मात्रा नकदी ऋण के रूप में 10 लाख रुपये से अधिक 100 लाख रुपये तक है और इसे सालाना नवीनीकृत किया जाएगा, जिसकी गणना जीएसटी रिटर्न में दर्ज बिक्री के 25 प्रतिशत के आधार पर की जाएगी। बैंक ने 31 मार्च 2021 तक इस योजना के तहत 195 करोड़ रुपये की राशि के 562 खातों को मंजूरी दी है।

(एल) **पीएनबी तत्काल योजनाः** उन व्यावसायिक गतिविधि या व्यवसाय के विस्तार से संबंधित वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परेशानी मुक्त ऋण प्रदान करना जिन्होंने कम से कम पिछले एक वर्ष के लिए जीएसटी रिटर्न दाखिल किया है और विशेष रूप से psbloansin59minutes.com पोर्टल के माध्यम से ऋण के लिए आवेदन किया है, चाहे वह व्यक्ति, फर्म, कंपनियां, एलएलपी और न्यायसंगत व्यवसाय में काम करने वाली सहकारी समितियां हों। नकदी ऋण या सावधि ऋण के रूप में ऋण राशि की मात्रा रु.1 लाख से अधिक रु.25 लाख तक है। बैंक ने 31 मार्च 2021 तक इस योजना के तहत 190 करोड़ रुपये की राशि के 1280 खातों को मंजूरी दी है।

(एम) **वाणिज्यिक वाहन/निर्माण उपकरण (सीवी/सीई) के लिए मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के साथ समझौताः** बैंक ने 3 प्रतिष्ठित सीवी निर्माताओं यथा मेसर्स टाटा मोटर्स, मेसर्स महिंद्रा एंड महिंद्रा और मेसर्स अशोक लेलैंड के साथ उपरोक्त कंपनियों के वाहन खरीदने के इच्छुक ग्राहकों के वित्तपोषण के लिए बैंक को पसंदीदा वित्त-पोषक के रूप में स्थान देने हेतु समझौता व्यवस्था की है।

(एन) **डीलर वित्तपोषण योजना के तहत इंडिया ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ समझौता व्यवस्थाः** बैंक ने इंडियन ऑयल के ईंधन स्टेशन डीलरों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए इंडिया ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (इंडियन ऑयल) के साथ समझौता किया है। यह बैंक को आईओसीएल के विस्तृत डीलरों के नेटवर्क को प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है।

(ओ) **ऋण प्रबन्धन प्रणाली का शुभारम्भ (एलएमएस):** बैंक ने आईटी आधारित समाधान अर्थात पीएनबी लेंस - ऋण प्रबंधन के लिए ऋण समाधान विकसित/अनुकूलित किया है। 25 करोड़ रुपये तक के सभी मुद्रा/एमएसएमई ऋण प्रस्तावों (नए/नवीकरण/वृद्धि/समीक्षा) को पीएनबी लेंस का उपयोग करके संसाधित किया जाता है। एलएमएस के कार्यान्वयन के बाद, मूल्यांकन प्रक्रिया को मानकीकृत किया जाएगा और ऋण हामीदारी को मजबूत किया जाएगा।

(पी) **psbloansin59minutes.com:** psbloansin59minutes.com के नाम से 59 मिनट के भीतर 5 करोड़ रुपये तक के एमएसएमई ऋणों के लिए सैद्धांतिक मंजूरी हेतु एक पोर्टल मौजूद है। बैंक मुद्रा पोर्टल पर मुद्रा ऋण के लिए भी शामिल हो गया है। बैंक ने इस पोर्टल पर सैद्धांतिक स्वीकृति को अधिकतम करने के लिए सभी प्रमुख एमएसएमई उत्पादों को पहले ही मूर्त रूप दे दिया है। 31 मार्च 2021 को psbloansin59minutes.com. पोर्टल पर बैंक के प्रदर्शन के अनुसार, एमएसएमई और मुद्रा के लिए प्राप्त कुल आवेदन 27,700 हैं, जिनमें से 19,408 कुल स्वीकृत राशि 788.89 करोड़ रुपये के साथ निपटाए गए हैं।

